संस्थापक : स्व. श्री वीर विक्रम आदित्य

हिन्द जनपथ

स्थापना वर्ष : 2002

पंचकूला
मंगलवार
24 नवंबर, 2026
वर्ष:25 अंक: 151
कुल पृष्ठ:08
मूल्य : 1 रुपया

खबरें छापते हैं छुपाते नहीं | दैनिक प्रभात संस्करण हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित। | www.hindjanpath.com

पंचायतों और नगर निकायों के अधिकारों के हस्तांतरण, वित्तीय स्थिरता व प्रभावी सेवा वितरण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया शुभारंभ



पेज-8

मोटी-मोटी बातें

भारत-नेपाल रिश्तों में नई मजबूती - हवाई, रेलवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन और हाइड्रोपावर पर लिए कई बड़े फैसले

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह ने सोमवार को दोनों देशों के बीच व्यापार, कनेक्टिविटी और ऊर्जा सहयोग को नई गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की। संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों देशों ने हवाई संपर्क, रेलवे नेटवर्क, पेट्रोलियम अवसंरचना और जलविद्युत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। दोनों नेताओं ने नागर विमानन क्षेत्र में चल रही वार्ताओं की समीक्षा की और संपर्क बढ़ाने पर सहमति जताई। इसके तहत वर्तमान काठमांडू-भैरहवा-लखनऊ (बी345) हवाई मार्ग, जो अभी एकतरफा है, उसे दोतरफा बनाया जाएगा। इसके लिए दोनों पक्ष तकनीकी स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के ट्रांजिट व्यापार के लिए एक नई सुविधा की घोषणा करते हुए कहा कि नेपाल को दीनदयाल पोर्ट (कांडला, गुजरात) के माध्यम से अतिरिक्त समुद्री पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होने के बाद पारादीप बंदरगाह (ओडिशा) का उपयोग भी नेपाल के लिए खोला जाएगा।

संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों देशों ने सीमा पार संपर्क और बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के महत्व पर बल दिया। इसके तहत नई रेलवे लाइनों, पुलों, इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) और पेट्रोलियम पाइपलाइन परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

दोनों प्रधानमंत्रियों ने सरयू-कमला एक्सप्रेस रेल सेवा को हरी झंडी दिखाई, जो अयोध्या और जनकपुर को जोड़ती है। माना जा रहा है कि यह रेल सेवा न केवल आवागमन को आसान बनाएगी बल्कि रामायण सर्किट के तहत धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगी तथा भारत-नेपाल के ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करेगी।

जर्मनी में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, प्रशासन ने अफरा-तफरी में खाली कराई इमारतें

बर्लिन। जर्मनी में सोमवार सुबह सैकड़ों स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले। इसके बाद एहतियात के तौर पर कुछ स्कूलों को खाली कराया गया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि फिलहाल किसी वास्तविक खतरे के संकेत नहीं मिले हैं।

जर्मनी के सार्वजनिक प्रसारक एआरडी (एआरडी) के 'टैगेशौ' की रिपोर्ट के मुताबिक, ये धमकियां कई राज्यों में भेजी गईं, जिनमें फ्रीबर्ग और हैम्बर्ग जैसे शहर भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, थुरिंगिया राज्य में कई स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को एक जैसे शब्दों वाले धमकी भरे ईमेल मिले। थुरिंगिया पुलिस का कहना है कि फिलहाल उन्हें नहीं लगता कि ये धमकियां गंभीर हैं। पुलिस ने स्कूलों को सलाह दी है कि वे छात्रों को निकालने की प्रक्रिया शुरू न करें और सामान्य रूप से कामकाज जारी रखें।

इससे पहले नवंबर में फ्रांस के तीन स्कूलों को भी बम की धमकी मिलने के बाद खाली कराया गया था। बाद में ये सभी धमकियां झूठी साबित हुईं।

फ्रांस के दैनिक अखबार 'ले पेरिसियन' के अनुसार, मार्सेई, पूर्वी फ्रांस के मोरेज और उत्तर-पूर्वी फ्रांस के लाओन स्थित तीन शैक्षणिक संस्थानों को खाली कराया गया था। फ्रांस के राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 'ले पेरिसियन' को बताया कि 12 नवंबर को बम की धमकी से जुड़े तीन मामले सामने आए थे, लेकिन इसे किसी बड़े स्तर की घटना मानने से इनकार किया।

पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर 'पश्चिम बंग' करने को मंजूरी, 9 दिसंबर को विधानसभा में पेश होगा प्रस्ताव

कोलकाता। पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल ने सोमवार को राज्य का नाम 'पश्चिम बंगाल' से बदलकर 'पश्चिम बंग' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने मीडिया को बताया, 'इस संबंध में एक प्रस्ताव को आज एक बैठक में मंजूरी दी गई है। इसी प्रस्ताव को 9 दिसंबर को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान पश्चिम बंगाल विधानसभा में पेश किया जाएगा।' उन्होंने यह भी कहा कि राज्य विधानसभा से मंजूरी मिलने के बाद, इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 4 से 14 दिसंबर तक चलेगा।

संबंधित अधिकारियों के अनुसार, प्रशासनिक कारणों से राज्य का नाम बदलने का विचार काफी समय से चल रहा है। इसके पीछे कुछ महत्वपूर्ण कारण हैं। केंद्र सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों की बैठकों में, राज्यों के प्रतिनिधियों को अंग्रेजी वर्णमाला (अल्फाबेटिकल ऑर्डर) के क्रम में बोलने का मौका दिया जाता है। इस वजह से, ऐसी सभी बैठकों में पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों को हमेशा सबसे अंत में बोलने का अवसर मिलता था।

पिछले महीने, पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य ने दावा किया था कि राज्य सरकार जल्द ही एक विधेयक पेश करेगी, जिसके तहत 'पश्चिम बंगाल' का नाम बदलकर सभी भाषाओं में 'पश्चिम बंग' कर दिया जाएगा।

पश्चिम बंगाल का नाम बदलने की कोशिश सबसे पहले 1999 में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय ज्योति बसु के नेतृत्व वाली वाम मोर्चे (लेफ्ट फ्रंट) की सरकार ने शुरू की थी। उस समय राज्य का नाम बदलकर 'बंगला' करने का प्रस्ताव रखा गया था।

हरियाणा में महिला अधिवक्ताओं के लिए बार रूम में होगी अलग शौचालयों की व्यवस्था

चंडीगढ़-हरियाणा सरकार महिला अधिवक्ताओं को बार रूम में सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में बार रूम में महिला अधिवक्ताओं के लिए अलग शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही, इस संबंध में सात दिन के भीतर जिलावार स्थिति रिपोर्ट और समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करें।

मुख्य सचिव आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में यह आकलन किया जाए कि बार रूम में महिला अधिवक्ताओं के लिए अलग शौचालय की सुविधा उपलब्ध है या नहीं। जिन स्थानों पर यह सुविधा नहीं है, वहां इसके निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए संबंधित बार एसोसिएशनों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तथा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ठोस और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए।

नेपाल में खुलेगा IIT का विदेशी कैंपस, PM मोदी और बालेंद्र शाह के बीच बनी सहमति; भारत ने पड़ोसी देश को दिया बड़ा तोहफा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के उनके समकक्ष बालेंद्र शाह ने सोमवार को पड़ोसी मुल्क में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का विदेशी परिसर स्थापित करने पर सहमति जताई। दोनों देशों की ओर से जारी संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। यह आईआईटी का भारत के बाहर तीसरा परिसर होगा।

इससे पहले तंजानिया के जंजीबार और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में दो विदेशी परिसर स्थापित किए जा चुके हैं। शाह 22 नवंबर से भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। उनके साथ उच्चस्तरीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद शाह की यह पहली भारत यात्रा है।



संयुक्त बयान में बताया गया, 'नेपाल को भारत की विकास संबंधी सहायता और दक्षता निर्माण के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए दोनों नेताओं ने नेपाल में आईआईटी का एक विदेशी परिसर स्थापित करने पर सहमति जताई। इससे नेपाल के शिक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में भी मदद मिलेगी। दोनों नेताओं ने स्टार्टअप, डिजिटल संपर्क और वित्तीय कनेक्टिविटी समेत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत और नेपाल के बीच बढ़ते सहयोग का स्वागत किया।'

आईआईटी मद्रास ने वर्ष 2023 में तंजानिया के जंजीबार में अपना परिसर शुरू किया था। अब तक वहां डेटा साइंस एवं कृत्रिम मेधा (एआई) और ओशन स्ट्रक्चर्स (समुद्री संरचनाओं) में एमटेक की डिग्री हासिल करने वाले 35 छात्र स्नातक हो चुके हैं। वहीं, डेटा साइंस और केमिकल प्रोसेस इंजीनियरिंग के विभिन्न बीएस पाठ्यक्रमों में 100 से अधिक छात्र नामांकित हैं। आईआईटी दिल्ली ने वर्ष 2024 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में अपना विदेशी परिसर स्थापित किया था।

अमृतसर में एक नाबालिग सहित तीन व्यक्ति काबू; 17.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद



चंडीगढ़/अमृतसर- मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर पंजाब को सुरक्षित एवं नशामुक्त राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत काउंटर इंटेलिजेंस (सी.आई.) अमृतसर ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक नाबालिग सहित तीन व्यक्तियों को 17.5 किलोग्राम हेरोइन की बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार कर सीमा पार से संचालित नशा तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरुण उर्फ रहमत और राहुल सिंह, दोनों निवासी नारायणगढ़, छेहरटा (अमृतसर) के रूप में हुई है, जबकि तीसरा आरोपी नाबालिग है। हेरोइन की खेप बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने आरोपियों की काले रंग की 'हीरो स्प्लेंडर' मोटरसाइकिल भी जब्त की है, जिसका इस्तेमाल नशीले पदार्थों की आवाजाही के लिए किया जाता था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी अजनाला के सीमावर्ती क्षेत्र से ड्रोन के माध्यम से भेजी जाने वाली हेरोइन की खेप प्राप्त करते थे और उसे आगे विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करते थे। ऑपरेशन के संबंध में जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि सी.आई. अमृतसर की टीमों को पुख्ता सूचना मिली थी कि अरुण उर्फ रहमत, राहुल सिंह और उनके एक नाबालिग साथी ने कुछ अन्य अज्ञात सहयोगियों के साथ मिलकर हाल ही में अजनाला के सीमावर्ती क्षेत्र से हेरोइन की एक बड़ी खेप प्राप्त की है।



न्यूज डायरी

राज्यपाल ने गुरु नानक देव जयंती पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

हिन्द जनपथ

शिमला (ब्यूरो)। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने गुरु नानक देव जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर सिख समुदाय के लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि गुरु नानक देव जी की सत्य, करुणा, समानता, विनम्रता और निःस्वार्थ सेवा पर आधारित शिक्षाएं आज भी संपूर्ण मानवता को प्रेरित करती हैं तथा समाज को शांति, सद्भाव और सच्चाई के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।

उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी का 'इक ओंकार' का संदेश समस्त मानवता की एकता का प्रतीक है तथा उनकी शिक्षाएं 'नाम जपो, किरत करो और वंड छको' आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उनका जीवन और दर्शन हमें मानव गरिमा को बनाए रखने, सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने तथा जरूरतमंदों की सेवा करने का संदेश देता है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से गुरु नानक देव जी की कालजयी शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा समाज में भाईचारे, आपसी सम्मान और करुणा की भावना को और अधिक सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कामना की कि गुरु नानक जयंती का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि, खुशहाली और आध्यात्मिक चेतना का संचार करे।

पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने सोलन कार्यालय में तैनात लॉ ऑफिसर मनोज चौहान की उत्कृष्ट सेवाओं प्रशंसा पत्र जारी किया

हिन्द जनपथ

शिमलाः हिमाचल प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने सोलन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात लॉ ऑफिसर मनोज चौहान की उत्कृष्ट सेवाओं और कानूनी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनकी सराहना की है। डीजीपी ने सोमवार को उन्हें प्रशंसा पत्र जारी कर उनकी पेशेवर दक्षता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की विशेष रूप से प्रशंसा की। प्रशंसा पत्र में डीजीपी अशोक तिवारी ने कहा कि मनोज चौहान ने मानव भारती विश्वविद्यालय फर्जी डिग्री घोटाले से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने भारत के सर्वोच्च न्यायालय और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले मामलों में स्वतंत्र रूप से लगभग 280 जवाब तैयार कर दाखिल किए। उनका यह योगदान विशेष प्रशंसा के योग्य है। डीजीपी ने विशेष जांच दल (एसआईटी) और दस्तावेज सत्यापन समिति को दिए गए उनके सहयोग को भी उल्लेखनीय बताया। इसके अलावा, उन्होंने जांच अधिकारियों को कानूनी मामलों में मार्गदर्शन देने, जांच की उचित दिशा सुझाने और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। डीजीपी के अनुसार, मनोज चौहान की इन सेवाओं से जिला पुलिस की जांच की गुणवत्ता और कानूनी कार्यप्रणाली को मजबूती मिली है। नियमित जिम्मेदारियों से आगे बढ़कर काम करने की उनकी इच्छा, पेशेवर ईमानदारी और विभाग के प्रति समर्पण सराहनीय है। डीजीपी अशोक तिवारी ने अपने पत्र में मनोज चौहान के प्रयासों को पुलिस विभाग के लिए अत्यंत मूल्यवान बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी कार्यों में निरंतर सफलता की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जयंती पर लोगों को बधाई दी

हिन्द जनपथ

शिमला : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने गुरु नानक देव जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर सिख समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु पर्व सिखों का सबसे पवित्र त्योहार है। सिखों के प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के जन्मदिवस पर यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें समृद्ध और शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने विश्व बंधुत्व के बंधन को मजबूत करने के लिए प्रेम, शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और निःस्वार्थ सेवा का उपदेश दिया। उनके उपदेशों में उनकी शिक्षाओं का सार निहित है और वर्तमान में यह शिक्षाएं और भी अधिक प्रासंगिक हैं।

95 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 27 नवम्बर को

सोलन – मैसर्ज एक्मे जेनेरिक्स प्राईवेट लिमिटेड, बद्दी द्वारा हेल्पर के 60 पदों, मैसर्ज पिनैकल लाइफ साइंस प्राईवेट लिमिटेड, बद्दी द्वारा अप्रेंटिस के 15 पदों तथा मैसर्ज वीनस रेमेडीज़ लिमिटेड, बद्दी द्वारा हेल्पर के 20 पदों सहित कुल 95 पदों पर भर्ती के लिए दिनांक 27 नवम्बर, 2026 को मॉडल कैरियर सेंटर (उप-रोज़गार कार्यालय) बद्दी, नज़दीक गुरुद्वारा संडोली, ज़िला सोलन में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी ज़िला रोज़गार अधिकारी सोलन ने दी।

उन्होंने कहा कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं तथा आई.टी.आई. निर्धारित की गई है तथा आयु सीमा 20 से 26 वर्ष के मध्य रखी गई है। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत होने के उपरांत अपनी पंजीकरण प्रोफ़ाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं।

शिक्षा मंत्री ने 80 लाख से निर्मित चीवा कैंची से देवरा सड़क का किया लोकार्पण

हिन्द जनपथ

शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सोमवार को जुब्बल में 80 लाख रुपए से निर्मित 3 किलोमीटर लम्बी एक महत्वपूर्ण और बहु प्रतिक्षित चीवा कैंची से देवरा (जुब्बल) सड़क का लोकार्पण किया। शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र जुब्बल नावर कोटखाई मे यह 209वीं सड़क है जिसका निर्माण और सफलतापूर्वक पासिंग की गई है। आने वाले समय मे इस सड़क को मुख्य बाज़ार जुब्बल से जोड़ा जायेगा।



इस अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए रोहित ठाकुर ने इस सड़क के निर्माण पर क्षेत्र के लोगों को शुभकामनायें दीं और बताया कि इस सड़क के निर्माण पर वह विशेष प्रसन्नता का अनुभव कर रहे क्यूंकि देवरा जुब्बल का एक प्रमुख गाँव है और रियासती समय से लेकर इस सड़क का कार्य लंबित पड़ा हुआ था। एक लम्बी समयावधि के बाद इस सड़क का निर्माण हुआ हुआ है। इस सड़क का सर्वेक्षण पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर रामलाल के समय हुआ था किन्तु इस सड़क के बनने में काफ़ी समय लगा गया और आज देवरा निवासियों का यह स्वप्न पूरा हुआ है। इस सड़क के बनने से न केवल देवरा वासी लाभान्वित होंगे बल्कि क्यारी, नेहनार और गुंतु के निवासियों को भी इसका लाभ मिलेगा तथा विशेष रूप से सेब की बागवानी के नज़रिये से यह सड़क एक वरदान सिद्ध होगी।

रोहित ठाकुर ने बताया कि जुब्बल नावर कोटखाई वर्तमान समय में पुरे हिमाचल में विकास का पर्याय बन चुका है। जहाँ पर 850 करोड़ की लागत से सड़क और भवन निर्माण में विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर है और अगले वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा 1000 करोड़ रुपए तक पहुंच जायेगा। साथ ही पिछले लगभग 4 वर्षों के दौरान बहुत सी विकासात्मक परियोजनाओं को जनता को समर्पित भी किया गया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में राष्ट्रीय राजमार्ग 705 (ठियोग-हाटकोटी मार्ग) और राष्ट्रीय राजमार्ग 707 (हाटकोटी-पावंटा मार्ग) के मरम्मत हेतू 75 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है और शीघ्र ही इन दोनों राजमार्गो को और अधिक बेहतर बनाया जायेगा।

सड़क निर्माण के कार्य पर बल देते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि सड़के हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में भाग्य रेखाएं और विकास का पर्याय हैं। उन्होंने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री यशवंत सिंह परमार सहित ठाकुर रामलाल और वीरभद्र सिंह को याद करते हुए बताया कि इन सभी महान नेताओं ने सड़कों के निर्माण पर विशेष बल दिया था और वह स्वयं भी सड़को के निर्माण को सदैव प्राथमिकता देते हैं।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि सड़कों के निर्माण के अतिरिक्त जुब्बल नावर कोटखाई में करोड़ों रूपये की लागत से विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा जिसके तहत 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें से 3 स्वास्थ्य केंद्रों को जनता को समर्पित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त जल शक्ति विभाग के अधीन 175 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर हैं जिनमें से सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण परियोजना 38.08 करोड़ रुपए से तैयार की गई पब्बर नदी से उठाऊ पेयजल योजना है जो जनता को समर्पित की जा चुकी है।

जिला कांगड़ा में दालों एवं खाद्य तेल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

राज्य विशेष अनुदानित योजना के तहत उपभोक्ताओं को खुले बाजार से कम दरों पर मिल रही आवश्यक खाद्य वस्तुएं

हिन्द जनपथ

धर्मशालाः जिला कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश राज्य विशेष अनुदानित योजना के अंतर्गत दालों एवं खाद्य तेल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के थोक भंडारों में इन आवश्यक खाद्य वस्तुओं का पर्याप्त भंडार होने के साथ-साथ जिले की सभी उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से पात्र उपभोक्ताओं को इनकी नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। यह जानकारी जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, कांगड़ा पुरुषोत्म ने देते हुए बताया कि नवंबर माह में 21 नवंबर तक जिले की 1,165 उचित मूल्य की दुकानों को निगम के थोक गोदामों के माध्यम से 5,904 क्विंटल दालों की आपूर्ति की जा चुकी है। वर्तमान में निगम के थोक भंडारों में लगभग 3,453 क्विंटल दालों का अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि इसी अवधि के दौरान जिले की उचित मूल्य की दुकानों को 5,61,516 लीटर खाद्य तेल की आपूर्ति की गई है, जबकि निगम के थोक भंडारों में लगभग 2,73,238 लीटर खाद्य तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न थोक गोदामों में आटा, चावल, नमक एवं चीनी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा में वर्तमान में कुल 1,165 उचित मूल्य की दुकानें कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा राज्य विशेष अनुदानित योजना के अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक खाद्य वस्तुएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य विशेष अनुदानित योजना के तहत उपभोक्ताओं को दालें, नमक, चीनी एवं खाद्य तेल खुले बाजार की तुलना में काफी कम कीमतों पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इससे आम लोगों को घरेलू बजट में राहत मिल रही है। योजना के अंतर्गत चना दाल, उड़द दाल, मलका दाल, नमक, चीनी और खाद्य तेल पर उपभोक्ताओं को बाजार दरों के मुकाबले उल्लेखनीय बचत हो रही है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जिले में आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता और नियमित आपूर्ति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है, ताकि सभी पात्र उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा एवं दरों पर समयबद्ध तरीके से राशन उपलब्ध हो सके।

एचआरटीसी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा बढ़ाएगी सरकार: मुख्यमंत्री

भूपिन्दर चौहान

शिमला : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को हमीरपुर जिला के नादौन क्षेत्र के मझयार में सेरा से हमीरपुर के लिए नए बस रूट का शुभारंभ किया। इस बस सेवा के शुरू होने से हमीरपुर, नादौन, सेरा तथा आसपास के कई गांवों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है।



इस नए बस रूट से क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और लोगों को सुविधाजनक, विश्वसनीय एवं सुलभ परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। इस बस सेवा से विशेष रूप से डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जोल सप्पड़ आने-जाने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा रोजाना आवागमन करने वाले अन्य लोगों को भी अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी।

इस सेवा से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की यात्रा संबंधी परेशानियां कम होंगी, समय की बचत होगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक संस्थानों तक पहुंच बेहतर बनेगी। यह पहल प्रदेश सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

पर्यटन की कमर तोड़ने पर क्यों आमादा हैं मुख्यमंत्री, होटल पर बेतहाशा शुल्क वापस लें : जयराम ठाकुर

हिन्द जनपथ

शिमला : पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि शुल्क की सरकार प्रदेश के हर वर्ग को प्रताड़ित कर रही है। प्रदेश के आय के साधनों को बढ़ाने के लिए प्रभावी योजनाएं बनाने के बजाय सरकार जनता पर टैक्स और शुल्क लादने की योजना पर काम कर रही है। प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने होटलों के संचालन सहमति शुल्क में ढाई गुना वृद्धि कर दी है। इसके साथ ही होटल संचालकों से पाँच साल का शुल्क एक साथ वसूला जा रहा है।



मुख्यमंत्री को यह पता होना चाहिए कि हिमाचल के ज़्यादातर लोग अपने होटल एक साल की लीज पर देते हैं। ऐसे में वे पांच साल का शुल्क एक साथ कहां से देंगे। असली बात यह है कि कांग्रेस सरकार किसी तरह अपने दिन काट रही है। जहाँ से भी, जिस भी तरह से पैसे आएँ, लोगों से जैसे भी हो वसूलो और अपनी सरकार चलाओ। इसी सोच के तहत पांच साल की जबरन वसूली की जा रही है। मुख्यमंत्री को सिर्फ अपना नहीं, सबका भला सोचना चाहिए। सरकार को इस तुगलकी फैसले को वापस लेना चाहिए। सरकार के इस फैसले से पर्यटन की कमर टूटेगी और प्रदेश की आर्थिकी में योगदान देने वाले पर्यटन उद्योग से जुड़े लोग हतोत्साहित होंगे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार का गवर्नेंस मॉडल ही जनता और कारोबारियों पर बेहिसाब शुल्क लगाने का बन गया है। सरकार अपनी वित्तीय विफलताओं को छिपाने और खर्चे कम करने के बजाय ऐसे अनुचित पैंतरे अपना रही है। अब प्रदेश में होटल कारोबार करने वाले कारोबारी इनके निशाने पर आ गए हैं। एक ही बार में शुल्क में ढाई गुना वृद्धि की जा रही है।

प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने होटलों के संचालन सहमति शुल्क के ढांचे में भारी बदलाव करते हुए 10 से 13 कमरों वाले ग्रीन श्रेणी के छोटे होटल संचालकों को अब पाँच साल के लिए 72 हजार रुपये के बजाय सीधे 1.80 लाख रुपए का भुगतान करना होगा।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापित करने के लिए प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करें बैंक- मनमोहन शर्मा

सोलन – उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने सोलन ज़िला में कार्यरत बैंकों को निर्देश दिए हैं कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापित करने के लिए प्राप्त आवेदनों पर पात्रता अनुसार शीघ्र कार्यवाही की जाए ताकि युवा उद्यमी समय पर व्यवसाय आरम्भ कर अपनी एवं प्रदेश की आर्थिकी मज़बूत करने में योगदान दे सकें। मनमोहन शर्मा आज यहां ज़िला के अग्रणी बैंक, यूको बैंक द्वारा आयोजित ज़िला सलाहकार समीति की 185वीं त्रैमासिक एवं ज़िला स्तरीय समीक्षा तथा यूको आरसेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि समय पर ऋण प्रदान कर लक्षित वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को मज़बूत करने में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

मनमोहन शर्मा ने बैंक प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि ज़िला के आमजन तक वित्तीय योजनाएं पंहुचाने के लिए सशक्त एवं प्रभावी प्रचार सुनिश्चित बनाया जाए।

उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के छात्रों तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरम्भ की गई है। योजना के तहत अधिकतम 20 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि पात्र विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर इस योजना के तहत ऋण उपलब्ध करवाया जाए ताकि विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहें। उपायुक्त ने कृषि तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल बीमा तथा पशु बीमा करवाने के लिए किसानों को प्रेरित करें ताकि लाभार्थियों को समय पर इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर बैंक शाखाओं में कार्यरत बैंकिग प्रतिनिधियों का मोबाईल नम्बर व जानकारी पंचायत स्तर पर प्रदर्शित की जाए ताकि ग्रामीणों को समयबद्ध अपनी बैंक सम्बन्धी समस्याओं का समाधान मिल सके। उपायुक्त ने यूको आरसेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यूको आरसेटी को कृषि व्यवसाय से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ करने की सम्भावनाएं तलाशनी चाहिएं। यूको ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान (यूको आरसेटी) को विभिन्न विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित कर पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण शिविर तथा किसान क्रेडिट कार्ड के लिए मेलों का आयोजन समय-समय पर करते रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कुलदीप सिंह पठानिया का कुशल-क्षेम जाना



हिन्द जनपथ

शिमला : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला का दौरा कर वहां उपचाराधीन हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की।मुख्यमंत्री ने उनका कुशल-क्षेम जाना तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

भारत और नेपाल के प्रधानमंत्री ने संयुक्त रूप से एसजेवीएन की 669 मेगावाट लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना का शिलान्यास किया

हिन्द जनपथ

नई दिल्ली/शिमला– ऊर्जा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री श्री बालेंद्र शाह ने नई दिल्ली से आयोजित एक वर्चुअल समारोह के माध्यम से नेपाल में एसजेवीएन की 669 मेगावाट की लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना का संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निरंतर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री श्री बालेंद्र शाह द्वारा एसजेवीएन पर विकास साझेदार के रूप में विश्वास व्यक्त करने के लिए उनका भी आभार प्रकट किया। उन्होंने परियोजना के लिए आवश्यक स्वीकृतियों एवं अनुमोदनों को शीघ्र प्राप्त करने में सहयोग एवं समर्थन प्रदान करने हेतु भारत एवं नेपाल सरकार के विद्युत मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा अन्य प्रमुख मंत्रालयों के प्रति भी हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।



इस अवसर पर लोअर अरुण परियोजना स्थल पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें परियोजना कर्मी, नेपाल सरकार के ऊर्जा मंत्रालय, नेपाल निवेश बोर्ड, जिला समन्वय समिति के प्रतिनिधि, स्थानीय सरकार के नेता - नगर प्रमुख एवं गाँव पालिका प्रमुख), वार्ड प्रतिनिधि, जिला वन विभाग, सामुदायिक वन उपभोक्ता समूह तथा स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसजेवीएन के प्रबंधन एवं कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के माध्यम से वर्चुअल रूप से साक्षी बनकर सहभागिता की। 669 मेगावाट की लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना का विकास पूर्वी नेपाल के संखुवासभा एवं भोजपुर जिलों में अरुण नदी पर एसजेवीएन की पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी, एसजेवीएन लोअर अरुण पावर डेवलपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (एसएलपीडीसी) द्वारा किया जा रहा है। परियोजना की अनुमानित लागत 5,792.36 करोड़ है, जिसका अनुमानित टैरिफ 4.99 प्रति यूनिट है। इस परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग 2,901 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पादन किए जाने का अनुमान है।

लोअर अरुण परियोजना की एक विशिष्ट प्रमुख विशेषता, इसी नदी के अपस्ट्रीम में स्थित एसजेवीएन की 900 मेगावाट की अरुण-3 जलविद्युत परियोजना के साथ इसका एकीकरण है। दोनों परियोजनाओं को टैंडम ऑपरेशन प्रणाली के अंतर्गत डिज़ाइन किया गया है, जिसके अंतर्गत अरुण-3 जलविद्युत परियोजना से छोड़े गए जल का उपयोग लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना में ऊर्जा उत्पादन हेतु किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने पर्वतारोही सचिन गांगटा को किया सम्मानित, युवाओं के लिए बताया प्रेरणास्रोत



हिन्द जनपथ

शिमला : शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल के कठासू निवासी युवा पर्वतारोही सचिन गांगटा को पर्वतारोहण के क्षेत्र में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सचिन गांगटा जैसे युवा अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उनकी उपलब्धियां युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

गौरतलब है कि पर्वतारोही सचिन गांगटा और उनकी टीम ने सितंबर 2026 में लद्दाख के दुर्गम चांगथांग क्षेत्र में 'प्रोजेक्ट चांगथांग' के तहत महज 21 दिनों में 6,000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली 25 चोटियों पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 10 से 30 सितंबर तक चले इस अभियान के दौरान सचिन ने अपने गाइड एवं पर्वतारोहण साथी पद्मा नामग्याल के साथ 200 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की। अभियान के 16 दिन चोटियों पर चढ़ाई करने में व्यतीत हुए, जबकि इस दौरान 18,000 मीटर से अधिक की संचयी ऊंचाई हासिल की गई।

अंडरपास निर्माण पर केंद्रीय मंत्री का आवश्यक कार्रवाई का भरोसा

शाहपुरः शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और आम जनता की सुविधा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे को विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने केंद्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाया है। शाहपुर–रेहलू लिंक रोड पर राष्ट्रीय राजमार्ग-154 की क्रॉसिंग पर अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था।

इस मांग पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने केवल सिंह पठानिया को लिखित जवाब भेजकर अवगत करवाया है कि उनके पत्र में प्रमुखता से उठाये मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर–रेहलू लिंक रोड पर राष्ट्रीय राजमार्ग-154 की क्रॉसिंग पर अंडरपास निर्माण की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि इस स्थान पर अंडरपास का निर्माण क्षेत्रवासियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते समय होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

HIMACHAL PRADESH
JAL SHAKTI VIBHAG

NOTICE INVITING E-TENDER

The Executive Engineer Jal Shakti Division Bilaspur invites tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work(s) through e-tendering process: -

Sr. No.	Name of Work	Estimated Cost	EMD Cost of Tender	Time of completion	Cost of form
1	A/R&M/O LWSS New Bilaspur Town in Tehsil Sadar District Bilaspur (SH: Operation of pumping machinery and distribution system for New Bilaspur Town under JSV Section NBT for three months)	1193660/-	23875/-	Three Months	500/-
2	Providing drinking water facility to mining affected area in GP Dhoun Kothi, Dhar Tatoh, Jamthal, Pajgain, Barmana in Tehsil Sadar District Bilaspur (SH: Construction of retaining wall to protect the OHSR 31000 litr capacity).	679457/-	13590/-	Two Months	350/-
3	LWSS New Bilaspur Town in Tehsil Sadar District Bilaspur (SW: Shifting of pipe line from the proposed sub station at Nihal under JSV Section NBT Sub-Division Bilaspur (SH: Shifting of various pipe line encountered with proposed sub station Nr. HPSEBL Sub-Division office)	292775/-	5860/-	One Month	350/-

Last date of filing/ uploading the tender through e-tendering **03/12/2026 up to 11.00 AM**
The tender forms and other detailed conditions can be obtained from the website **https://hptenders.gov.in**
HIM SUCHNA AVAM JAN SAMPARK

Executive Engineer
Jal Shakti Division, Bilaspur
R.No.4912/2026-2027

RNI NO. HARHIN/2002/08034, Postal Regd. No. HR/AB/54/23-25, हिन्द जनपथ के लिए स्वामी, सम्पादक एवं प्रकाशक एकान्ति रॉय गर्ग द्वारा बूथ नंबर 437-पी, सेक्टर-8, पंचकूला से प्रकाशित एवं इम्प्रैशन प्रिंटिंग एण्ड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लाट नं. 22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला से मुद्रित। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र पंचकूला होगा। Mob. 9915606900 email: hindjanpath@gmail.com, argarg1610@gmail.com



पहले पातशाह

श्री गुरु नानक देव जी

के

प्रकाश पर्व

की हार्दिक शुभकामनाएँ

“श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। आइए, गुरु साहिब के ‘किरत करो, नाम जपो, वंड छको’ और ‘सरबत दे भले’ के शाश्वत सिद्धांत को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक सद्भाव की भावना को और अधिक मज़बूत करें।”

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब



सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

न्यूज डायरी

चण्डीगढ़ कार्निवल में थिएटर आर्ट्स, चण्डीगढ़ द्वारा सी के सहयोग से नुक्कड़ नाटक पर्यावरण का विनाश का सफल मंचन, दर्शकों ने की जमकर सराहना



हिन्द जनपथ
चंडीगढ़ (ब्यूरो)। चण्डीगढ़ कार्निवल के समापन दिवस के अवसर पर रविवार को थिएटर आर्ट्स, चण्डीगढ़ के कलाकारों द्वारा चण्डीगढ़ संगीत नाटक अकादमी (सीएसएनए) के सहयोग से लेज़र वैली, सेक्टर-10 में प्रसिद्ध नुक्कड़ नाटक 'पर्यावरण का विनाश' के दो सफल शो प्रस्तुत किए गए।

वरिष्ठ रंगकर्मी राजीव मेहता के निर्देशन में मंचित इस नाटक को कार्निवल में आए बड़ी संख्या में दर्शकों का भरपूर प्यार मिला और यह आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय और व्यंग्यात्मक शैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया और प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से उजागर किया।

इस नाटक में ट्राईसिटी के जाने-माने रंगमंच कलाकारों— योगेश अरोड़ा, सनी संधू, राजीव मेहता, आशा सकलानी, मुकेश चंदेलिया, रितिका चंदेलिया, राहुल वर्मा, रविंदर सिंह रावत, हरप्रीत सिंह, साहिल ग्रोवर और संदीप कुमार ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों के प्रयास की सराहना की।

हिमाचल प्रदेश कृषि रोडमैप विजन 2047 पर विचार-विमर्श के लिए सीपीआरआई की टीम ने किया नौणी विवि का दौरा

नौणी: भारत सरकार के विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप, आईसीएआर-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) को 'हिमाचल प्रदेश कृषि रोडमैप विजन 2047' तैयार करने का दायित्व सौंपा गया है। इस दस्तावेज को डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी, हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों तथा प्रदेश में स्थित आईसीएआर संस्थानों के क्षेत्रीय केंद्रों के समन्वय से तैयार किया जा रहा है।

इस दस्तावेज का उद्देश्य वर्ष 2047 तक हिमाचल प्रदेश के कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के रूपांतरण के लिए एक व्यापक और दूरदर्शी रोडमैप तैयार करना है, जिसमें कृषि को टिकाऊ, जलवायु अनुकूल, लाभकारी और युवाओं के लिए आकर्षक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इसी क्रम में, आईसीएआर-सीपीआरआई के निदेशक डॉ. बृजेश सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी का दौरा किया। टीम ने विश्वविद्यालय के सुझावों और योगदान पर विचार-विमर्श किया तथा विजन दस्तावेज को अंतिम रूप देने के संबंध में चर्चा की। टीम में डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. योगेश गौतम और डॉ. आलोक कुमार शामिल रहे।

टीम ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एच.एस. बवेजा के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में निदेशक अनुसंधान, निदेशक विस्तार शिक्षा, अधिष्ठाताओं तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने भी भाग लिया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश में कृषि एवं बागवानी क्षेत्र के भविष्य के विकास से जुड़ी प्रमुख प्राथमिकताओं, उभरती चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

दिव्यांग क्रिकेट को मिली नई उड़ान, पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन ने 20 विशेष व्हीलचेयर देकर रचा इतिहास

चण्डीगढ़ : दिव्यांगता खेल प्रतिभा के रास्ते में बाधा नहीं, बल्कि मजबूत इच्छाशक्ति और अवसर मिलने पर सफलता की नई मिसाल बन सकती है। इसी सोच को साकार करते हुए पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने बठिंडा से व्हीलचेयर क्रिकेट के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की। पंजाब और चंडीगढ़ की टीमों के बीच आयोजित मैत्री मुकाबले में जहां खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल से दर्शकों का दिल जीता, वहीं पंजाब की टीम ने जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम किया।



मैच में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। चंडीगढ़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 111/5 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम ने 112/3 रन बनाकर जीत हासिल की। पंजाब पर 10 रन की पेनल्टी लगने के बावजूद टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।

इस आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण पीसीए अध्यक्ष अमरजीत मेहता द्वारा पंजाब और चंडीगढ़ की टीमों को 10-10 विशेष व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने की पहल रही। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए बेहतर क्रिकेट किट, आधुनिक खेल उपकरण, विशेष कोच और चयनकर्ताओं की सुविधा उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की।

अमरजीत मेहता ने कहा कि पीसीए का उद्देश्य व्हीलचेयर क्रिकेट को केवल प्रोत्साहित करना ही नहीं, बल्कि इसे एक संगठित और प्रतिस्पर्धात्मक खेल के रूप में स्थापित करना है।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने तीन कर्मचारी यूनियनों और नंबरदार यूनियन के साथ की बैठकें; विभागों को आउटसोर्स कर्मचारियों को अनुबंध पर लाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

हिन्द जनपथ
चंडीगढ़ (ब्यूरो)। कर्मचारियों के कल्याण के प्रति भगवंत मान सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां तीन कर्मचारी यूनियनों और एक नंबरदार यूनियन के प्रतिनिधिमंडलों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को कर्मचारियों की जायज मांगों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।



बैठकों के दौरान वित्त मंत्री ने प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना। सांझा मुलाजिम मंच, पुड्डा की चिंताओं पर विचार करते हुए मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने वित्त विभाग के विशेष सचिव को उनके मांग-पत्र का सहानुभूतिपूर्वक अध्ययन करने तथा पेंशन से संबंधित उनकी प्रमुख मांग का सर्वोत्तम संभव समाधान सुझाने के निर्देश दिए।

इनलिस्टमेंट आउटसोर्स तालमेल कमेटी और ठेका मुलाजिम संघर्ष मोर्चा के साथ विचार-विमर्श के दौरान वित्त मंत्री ने प्रतिनिधिमंडलों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी अधिकांश जायज मांगें पहले से ही विचाराधीन हैं और अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। उन्होंने संबंधित प्रशासनिक विभागों को निर्देश दिया कि वे यूनियन प्रतिनिधियों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखें और उनके मामलों की वर्तमान स्थिति से उन्हें नियमित रूप से अवगत करवाते रहें।

प्रशासनिक प्रक्रिया में तेजी सुनिश्चित करने के लिए हरपाल सिंह चीमा ने सभी प्रशासनिक विभागों को निर्देश दिए कि आउटसोर्स कर्मचारियों को अनुबंध पर लाने के लिए पहले से निर्धारित श्रेणियों से संबंधित मामलों को जल्द से जल्द कार्मिक विभाग (पर्सोनल विभाग) के पास भेजा जाए, ताकि अधिकारियों की समिति समय पर निर्णय ले सके। उन्होंने विभागों को आगे निर्देश देते हुए कहा कि अधिनियम से संबंधित किसी भी आवश्यक स्पष्टीकरण के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्मिक विभाग से संपर्क किया जाए, ताकि संबंधित कर्मचारियों को भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी या बाधा का सामना न करना पड़े।

वित्त मंत्री ने नंबरदार यूनियन को भी आश्वासन दिया कि मान-भत्ते में वृद्धि से संबंधित उनकी मांग सरकार के विचाराधीन है और इस संबंध में शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा।

बैठकों के समापन पर वित्त मंत्री ने दोहराया कि पंजाब सरकार अपने कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने और उनके समग्र कल्याण को सुनिश्चित बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इन बैठकों में सांझा मुलाजिम मंच, पुड्डा, पंजाब नंबरदार यूनियन, इनलिस्टमेंट आउटसोर्स तालमेल कमेटी और ठेका मुलाजिम संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठकों के दौरान सांझा मुलाजिम मंच, पुड्डा की ओर से चरणजीत कौर, ममता शर्मा, महिंदर सिंह और दर्शन जिंदल; पंजाब नंबरदार यूनियन की ओर से गुरपाल सिंह समरा और रछपाल सिंह; इनलिस्टमेंट आउटसोर्स तालमेल कमेटी की ओर से वरिंदर सिंह मोमी, रमणदीप सिंह, पवनदीप सिंह, जगदीप सिंह, लक्ष्मण सिंह, हरजिंदर पाल सिंह, जसप्रीत सिंह और जतिंदर सिंह; जबकि ठेका मुलाजिम संघर्ष मोर्चा की ओर से बलिहार सिंह, रेशम सिंह, शेर सिंह, जगराओं सिंह, हरजीत सिंह, बलविंदर सिंह और हमीर सिंह ने अपने मुद्दे और चिंताएं रखीं।

'गैंगस्टरां ते वार' अभियान का 307वां दिन: पंजाब पुलिस ने 525 स्थानों पर की छापेमारी; 201 काबू

हिन्द जनपथ
चंडीगढ़ (ब्यूरो)। 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान के 307वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित एवं मैप किए गए 525 ठिकानों पर छापेमारी की।

उल्लेखनीय है कि पंजाब को गैंगस्टर-मुक्त राज्य बनाने के लिए शुरू किए गए इस निर्णायक अभियान—'गैंगस्टरां ते वार'—की शुरुआत पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने 20 जनवरी, 2026 को की थी। राज्यभर में पुलिस टीमें 'एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स' (एजीटीएफ), पंजाब के समन्वय से विशेष अभियान चला रही हैं।

- **पुलिस टीमों ने 238 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई भी की**

अभियान के 307वें दिन पुलिस टीमों ने 201 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से एक हथियार बरामद किया। इसके साथ ही अभियान की शुरुआत से अब तक गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या 86,259 हो गई है। इसके अतिरिक्त, 238 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई है। इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने सात भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। आम लोग 'एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन' नंबर 93946-93946 के माध्यम से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में गोपनीय रूप से जानकारी दे सकते हैं तथा अपराधों एवं आपराधिक गतिविधियों के संबंध में भी सूचना साझा कर सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' को 632वें दिन भी जारी रखा। आज 169 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 18.8 किलोग्राम हेरोइन, 1.8 किलोग्राम अफीम, 562 नशीली गोलियां तथा 200 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इसके साथ ही केवल 632 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या 94,746 तक पहुंच गई है। नशामुक्ति अभियान के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने आज 38 व्यक्तियों को नशा छोड़ने तथा पुनर्वास के लिए उपचार करवाने हेतु प्रेरित किया है।

कर्मचारियों को केवल चुनावी आश्वासन नहीं, नियमित करने के लिए ठोस कार्रवाई चाहिए: सुखबीर सिंह

चण्डीगढ़ : ज्वाइंट एम्प्लॉइज वेलफेयर एसोसिएशन, चंडीगढ़ के प्रधान सुखबीर सिंह ने भाजपा नेता संजय टंडन के हरियाणा कौशल निगम से जुड़े बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कर्मचारियों को केवल राजनीतिक बयानबाजी और चुनावी आश्वासनों की नहीं, बल्कि उनकी मांगों को पूरा करने के लिए ठोस कार्रवाई की जरूरत है।

सुखबीर सिंह ने कहा कि इससे पहले पूर्व सांसद किरण खेर ने भी कर्मचारियों को नियमित करने का आश्वासन देते हुए कहा था कि 'तुम मुझे वोट दो, मैं तुम्हें रेगुलर करूंगी।' वहीं, सांसद मनीष तिवारी ने भी आउटसोर्स प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था। लेकिन कर्मचारियों के सामने आज भी वही समस्याएं बनी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल निगम का मुद्दा अब राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनावी मुद्दा बनता दिखाई दे रहा है। संजय टंडन को चुनाव से पहले कर्मचारियों के हित में ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि यह मुद्दा केवल चुनावी जुमला बनकर न रह जाए। उन्होंने संजय टंडन के उस बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने कर्मचारियों से भाजपा प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने की अपील की है।

सुखबीर सिंह ने कहा कि मान लीजिए भाजपा को नगर निगम की सभी 35 सीटों पर जीत मिल जाती है, तब भी कर्मचारियों का यह मुद्दा केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र से जुड़ा है। वर्तमान में चंडीगढ़ का मेयर भी भाजपा का है और केंद्र में भी भाजपा की सरकार है। ऐसे में कर्मचारियों को आश्वासन देने के बजाय उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि संजय टंडन ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया है, तो कर्मचारी संगठन भी वादा करता है कि पहले उनकी मांगों को पूरा किया जाए, उसके बाद वे गली-गली और मोहल्ले-मोहल्ले जाकर भाजपा के पक्ष में प्रचार करेंगे।

सुखबीर सिंह ने उम्मीद जताई कि इस बार कर्मचारियों की मांगों को केवल चुनावी वादे तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए वास्तविक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीद पर दुनिया कायम है।

'हुनर पंजाब' पोर्टल ने युवाओं के सपनों को दी उड़ान, बड़ी कंपनियों ने शुरू की भर्ती प्रक्रिया, महज 47 दिनों में 200 से अधिक आवेदन प्राप्त

हिन्द जनपथ
चंडीगढ़ (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की ओर से राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने की पहल को बड़ी सफलता मिली है। इसका प्रमाण इस बात से मिलता है कि टाटा स्टील, कंसाई नेरोलैक, एल.टी. फूड्स और हैप्पी फोर्जिंग्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने पंजाब सरकार के 'हुनर पंजाब' पोर्टल के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस्पात एवं इंजीनियरिंग, खाद्य प्रसंस्करण, पेंट एवं रसायन, निर्माण और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों से संबंधित 1,100 से अधिक उद्योगों ने पंजाब के संस्थानों तक पहुंच बनाने के लिए 'हुनर पंजाब' पोर्टल का उपयोग किया है। इन उद्योगों ने आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थानों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को युवा उम्मीदवारों की भर्ती के संबंध में 200 से अधिक आवेदन भेजे हैं।

पोर्टल की इस प्रारंभिक सफलता के बारे में जानकारी साझा करते हुए पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि युवाओं की भर्ती के लिए कैंपस प्लेसमेंट अभियान भी चलाए जा रहे हैं और विद्यार्थियों को नौकरी के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गए हैं। इससे पंजाब के युवाओं को उनके घरों के नजदीक ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित हो रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा 8 अक्टूबर को शुरू किया गया 'हुनर' (हब फॉर



अपस्किलिंग, नेटवर्किंग एंड एक्सेस टू एम्प्लॉयमेंट) एक साझा डिजिटल मंच है, जिसे पंजाब के युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने और उद्योगों को कुशल तथा औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप काम करने के लिए तैयार युवाओं तक पहुंच उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थानों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, मेडिकल एवं नर्सिंग संस्थानों और कौशल विकास केंद्रों सहित 1,700 से अधिक शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थान इस पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इससे उद्योगों को संस्थानों के एक व्यापक नेटवर्क तक पहुंच मिली है। यह पोर्टल तेजी से युवाओं और उद्योगों के बीच एक सेतु के रूप में उभर रहा है। इस पोर्टल पर प्रतिष्ठित कंपनियों की मौजूदगी औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करने और उद्योगों एवं शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत बनाने में इस मंच की बढ़ती प्रासंगिकता को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से कंपनियां शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध पाठ्यक्रमों और विद्यार्थियों की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकती हैं तथा संबंधित संस्थानों को अपनी भर्ती संबंधी आवश्यकताओं के बारे में सीधे आवेदन भेज सकती हैं। इससे जहां उद्योगों को योग्य प्रतिभाओं की पहचान करने में मदद मिलती है, वहीं संस्थानों को उद्योगों की वास्तविक मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करने में भी सक्षम बनाया जा रहा है।

श्री अमन अरोड़ा ने कहा, "प्रमुख औद्योगिक कंपनियों की ओर से मिल रहा यह उत्साहजनक समर्थन पंजाब को कुशल श्रमशक्ति का केंद्र बनाने के हमारी सरकार के दृष्टिकोण की पुष्टि करता है। 'हुनर' केवल एक पोर्टल नहीं, बल्कि हमारे युवाओं की क्षमता को औद्योगिक आवश्यकताओं से जोड़ने वाला एक सेतु है। स्थापित कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों को एक ही मंच पर लाकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे युवा केवल नौकरी तलाशने वाले ही न रहें, बल्कि भविष्य की कुशल और प्राथमिकता वाली कार्यशक्ति बनें। यह पहल रोजगार और औद्योगिक विकास के प्रति हमारी सोच में एक बड़े बदलाव की गवाही देती है।"

हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब मोटर्स यूनियन और मिनी बस ऑपरेटरों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

चंडीगढ़- पंजाब के परिवहन क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से वित्त एवं परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां पंजाब मोटर्स यूनियन और मिनी बस ऑपरेटर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत बैठक की। इस दौरान बस ऑपरेटरों की प्रमुख शिकायतों और मांगों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



प्रतिनिधिमंडलों की बातों को धैर्यपूर्वक और सहानुभूतिपूर्वक सुनते हुए परिवहन मंत्री ने यूनियन नेताओं को आश्वासन दिया कि भगवंत मान सरकार उनकी मांगों के व्यावहारिक और संतुलित समाधान तलाशने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद मंत्री ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों एसोसिएशनों के पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की जाए तथा उनकी प्रमुख समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए एक व्यापक प्रस्ताव तैयार किया जाए। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडलों ने एक विस्तृत मांग-पत्र भी प्रस्तुत किया, जिसमें राज्यभर के बस ऑपरेटरों को पेश आ रही वित्तीय एवं परिचालन संबंधी चुनौतियों को प्रमुखता से उठाया गया। निजी बस एवं मिनी बस ऑपरेटरों की पंजाबभर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा एसोसिएशनों के साथ होने वाली आगामी बैठकों में प्रत्येक मांग की वित्तीय और नियामकीय व्यवहार्यता की गहनता से जांच की जाएगी, ताकि जल्द से जल्द एक सकारात्मक एवं व्यावहारिक कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा सके। उन्होंने परिवहन विभाग को यह भी निर्देश दिए कि जहां कहीं आवश्यकता हो, इन मुद्दों को केंद्र सरकार के समक्ष भी उठाया जाए।

कुलतार सिंह संधवां ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पंजाबवासियों को दी हार्दिक बधाई

चंडीगढ़- पंजाब विधानसभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने आज श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर समस्त पंजाबवासियों तथा देश-विदेश में रह रहे पंजाबियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

अपने संदेश में स. संधवां ने सभी लोगों से श्री गुरु नानक देव जी द्वारा दिखाए गए धर्म और मानवता के मार्ग पर चलते हुए ईमानदारी एवं मेहनत से आजीविका अर्जित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सदैव सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, बुराइयों का त्याग करना चाहिए तथा ईमानदारी और हक-हलाल की कमाई से ही अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए।

पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी की महान आध्यात्मिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए स्पीकर संधवां ने कहा कि प्रथम पातशाह ने संपूर्ण मानवता को अनमोल शिक्षाओं की सौगात दी है। उनकी शिक्षाएं हमें सदैव 'सरबत के भले' अर्थात समूची मानवता की भलाई, सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना करने की प्रेरणा देती हैं।

इस पावन अवसर पर स. संधवां ने गुरु साहिब के चरणों में अरदास की कि अकाल पुरख विश्वभर में रहने वाले सभी लोगों को खुशियां, उत्तम स्वास्थ्य तथा आपसी प्रेम, सद्भावना और भाईचारे से परिपूर्ण जीवन प्रदान करें। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने मानवता को आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन मूल्यों का ऐसा अमूल्य खजाना प्रदान किया है, जिसका ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता।

श्री गुरु नानक देव जी की उदासियों का उल्लेख करते हुए स. संधवां ने कहा कि गुरु साहिब ने चारों दिशाओं में पैदल यात्राएं कर लोगों को ईमानदारी से जीवन जीने, सत्य के मार्ग पर अडिग रहने, मेहनत एवं हक की कमाई करने तथा अपनी कमाई को जरूरतमंदों के साथ बांटकर खाने का संदेश दिया। उन्होंने समस्त लोगों से गुरु साहिब द्वारा दिए गए सार्वभौमिक एवं सर्वसाझे सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की।

उन्होंने यह भी कहा कि विश्वभर में बसे पंजाबी गुरु साहिब द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए अपनी कड़ी मेहनत, लगन और उच्च नैतिक मूल्यों के बल पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

रफीनामा : तुम मुझे यूँ भुला न पाओगे...

चण्डीगढ़ : रफी कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सेक्टर-10 स्थित गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी, चंडीगढ़ में 'रफीनामा – तुम मुझे यूँ भुला न पाओगे' शीर्षक से एक भव्य संगीतमय कार्यक्रम डॉ. नवीन चावला के द्वारा आयोजित किया गया। इस समारोह में पंजाब और चंडीगढ़ के नामचीन कलाकारों ने मोहम्मद रफी साहब के सदाबहार गीतों को अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुत कर उन्हें भावभीनी संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नैन्सी गिरधर ने बेहद खूबसूरत अंदाज में मंच संचालन किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एस.एस. प्रसाद, आईएएस (सेवानिवृत्त) एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रंजू प्रसाद आईपीओएस सेवानिवृत्त उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चीफ इंजीनियर एवं स्पेशल सेक्रेटरी मुकेश आनंद ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ इवेंट कोऑर्डिनेटर हरभजन बैंस द्वारा रूहानी शबद 'मित्र प्यारे नूं' के गायन से हुआ। इसके पश्चात सजी संगीत की महफिल में श्रोता रफी साहब के स्वर्णिम दौर की यादों में खो गए। इस दौरान आयोजक डॉ. नवीन चावला एवं जसप्रीत कौर ने 'दस मेरिया दिलबरां वे' गीत गाकर खूब वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि एस.एस. प्रसाद एवं श्रीमती रंजू प्रसाद ने 'वादा कर सजना' और 'यूँही तुम मुझसे बात करती हो' तथा विशिष्ट अतिथि मुकेश आनंद एवं शिखा विज ने 'एक बार जरा फिर कह दो' व 'हँसता हुआ कारवाँ' की शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। समारोह में हरभजन बैंस, राजेश कंवर, करम चंद बत्रा, आर.सी. दास, वनिता मल्होत्रा, देविंदर भोला, ईश्वर दास, शर्मिला सिंह, लिली गुप्ता, गुरविंदर सिंह, नीना चोपड़ा, उर्वी सोलंकी, डॉ. प्रदीप भारद्वाज, संदीप कटारिया, मेजर मीनाक्षी, प्रोमिला सिंह और परम चंदेल ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद लोकतंत्र की मजबूती का आधार: केवल सिंह पठानिया

विधायक केवल सिंह पठानिया ने रैत कांग्रेस कार्यालय में सुनीं जनसमस्याएं, अधिकांश का मौके पर किया समाधान

शाहपुर: शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज रैत स्थित कांग्रेस कार्यालय में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने आमजन से सीधा संवाद करते हुए उनकी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की।

विधायक ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की और अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। वहीं, जिन मामलों का तत्काल निपटारा संभव नहीं हो पाया, उन्हें आवश्यक एवं त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

इस अवसर पर केवल सिंह पठानिया ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण प्रदेश सरकार और उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार का उद्देश्य केवल जनकल्याणकारी योजनाएं बनाना ही नहीं, बल्कि उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और आम लोगों को रोजमर्रा के जीवन में पेश आने वाली परेशानियों से राहत दिलाना भी है।



उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करवाना एक जनप्रतिनिधि के रूप में उनका दायित्व है। इसी भावना के साथ वह निरंतर अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी समस्याओं को संबंधित विभागों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि आम लोगों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। श्री पठानिया ने कहा कि जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। नियमित रूप से लोगों के बीच बैठकर उनकी बात सुनने से न केवल समस्याओं की वास्तविक स्थिति का पता चलता है, बल्कि उनके समाधान की प्रक्रिया भी तेज होती है।

राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन ने गौ-सेवा और समाजसेवा के साथ मनाया स्थापना दिवस



हिन्द जनपथ
चंडीगढ़ (ब्यूरो)। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन, चण्डीगढ़ ने अपना स्थापना दिवस श्रद्धा, सेवा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर संगठन की ओर से सेक्टर-45 स्थित गौशाला में विशेष सेवा कार्यों एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर-45 स्थित गौशाला परिसर में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया तथा गौ-सेवा की। इस दौरान गौ-सेवकों को कंबल भेंट किए गए और लड्डुओं का प्रसाद वितरित किया गया। गौ-सेवा के प्रति समर्पित योगदान के लिए पंडित लाखी राम शास्त्री को कंबल एवं चांदी से निर्मित मां लक्ष्मी-गणेश जी का स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संगठन की चंडीगढ़ अध्यक्ष मोनिका भारद्वाज ने कहा कि स्थापना दिवस केवल संगठन की स्थापना का उत्सव नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, गौ-सेवा और समाज के प्रति अपने दायित्वों को दोहराने का अवसर है। संगठन इसी सेवा भावना और संकल्प के साथ समाज कल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहेगा।

हिन्द जनपथ
पंचकूला
मंगलवार 24 नवम्बर 2026

एक ऐसा दशक, जिसने भारत में गरीबी की तस्वीर बदलकर रख दी



नईदिल्ली, एजेंसी। एक साल पहले नगालैंड के दुर्गम पहाड़ों में बसे आकांक्षी जिले किफिरे में मैंने स्वयं सहायता समूहों की आदिवासी महिलाओं से मुलाकात की। उनमें लखपति दीदी एस्थर भी थीं। उन्होंने गर्व से बताया कि उनके मोटे अनाज के उत्पाद अब नगालैंड से बाहर ऑनलाइन बिकते हैं। उनका आत्मविश्वास मुझे छू गया। मैंने उन्हें और बड़े सपने देखने और करोड़पति दीदी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उनकी कहानी इस बदलाव की झलक थी, जो चुनौतियों के बावजूद देश के सुदूर इलाकों में नई उम्मीदें जगा रहा है।

पिछले महीने विश्व बैंक की भारत संबंधित गरीबी और समानता रिपोर्ट आई तो किफिरे की वह मुलाकात याद आ गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2011 से 2023 के बीच करीब 50 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले और अत्यधिक गरीबी लगभग समाप्त होने के स्तर तक पहुंच गई। ये आंकड़े उस जमीनी परिवर्तन की गवाही थे।

लेकिन, हमेशा ऐसा नहीं था। आजादी के छह दशक बाद भी व्यापक गरीबी उन्मूलन अधूरा सपना था। 2010 के दशक की शुरुआत में भी भारत स्वच्छता, पोषण, स्वच्छ ईंधन और बैंकिंग में पिछड़ा माना जाता था। मान्यता थी कि नकद सहायता से गरीबी अपने आप मिट जाएगी।

बीते दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सोच बदली। सरकार ने तात्कालिक राहत तक सीमित रहने के बजाय गरीबी पैदा करने वाली बाधाओं को दूर करने का कठिन रास्ता चुना। अंत्योदय यानी अंतिम व्यक्ति के कल्याण की भावना के साथ हर परिवार की जरूरत समझकर विकास का लाभ उस तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

उद्यमिता की उड़ान- सामाजिक सुरक्षा परिवार को संभालती है, लेकिन आगे बढ़ने के लिए कमाई के अवसर भी चाहिए। करोड़ों लोगों के लिए इसकी पहली सीढ़ी बैंक खाता बना। कभी कहा जाता था कि सरकारी खजाने से निकले एक रुपये में सिर्फ पंद्रह पैसे जरूरतमंद तक पहुंचते हैं। आज 59 करोड़ से अधिक जनधन खाते सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने का माध्यम हैं। तकनीक ने बिचौलियों की भूमिका घटाकर इसे व्यापक स्तर पर संभव बनाया। बैंक खाते से सुरक्षित बचत और वित्तीय लेन-देन का रेकॉर्ड भी बनता है, जिससे औपचारिक ऋण तक पहुंच आसान हो सकती है। जिनके पास संपत्ति नहीं, उनके लिए पहला ऋण जीवन बदल सकता है।

दो महीने पहले मुद्रा लाभार्थियों से बातचीत में मेरी मुलाकात पश्चिम बंगाल की सुष्मिता घराई से हुई। महामारी में पिता को खोने के बाद परिवार का प्रिंटिंग व्यवसाय बंद हो गया था। न जमीन थी, न सोना। बिना गारंटी के मुद्रा ऋण से उन्होंने प्रेस दोबारा शुरू किया। आज वे आठ लोगों को रोजगार दे रही हैं, शुरुआती संख्या से दोगुना है। उनका साहस सीमित संसाधनों वाले महत्वाकांक्षी युवाओं की कहानी है। मुद्रा के तहत 60 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत हुए हैं, लगभग दो-तिहाई महिलाओं को। पीएम स्वनिधि और पीएम विश्वकर्मा रेहड़ी-पटरी वालों और पारंपरिक कारीगरों को भी सहारा देते हैं।

महिलाएं इस बदलाव की अग्रणी हैं। 10 करोड़ ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, जिन्हें अन्य योजनाओं से बचत, कौशल, ऋण और उद्यमिता के अवसर मिले हैं। 3.7 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं, कुछ करोड़पति दीदी बनने की ओर बढ़ रही हैं। नमो ड्रोन दीदी के रूप में महिलाएं किसानों को ड्रोन से छिड़काव सेवाएं दे रही हैं। जो कभी आर्थिक मुख्यधारा से बाहर थीं, वे आज उद्यमी और रोजगारदाता बन रही हैं।

नो टीडीएस और केवल 1000 रुपये से निवेश शुरू कर पाएं 7.7 प्रतिशत का गारंटीज ब्याज

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार द्वारा देश में कई सारी बचत योजनाएं चलाई जा रही हैं। लोग अपनी पसंद और पात्रता के हिसाब से इनमें निवेश कर मैच्योरिटी पर अच्छे-खासे ब्याज दर और रिटर्न का लाभ उठाते हैं। इस बीच हम एक ऐसी बचत योजना यानी कि सेविंग स्कीम की बात कर रहे हैं, जो अपने पात्र ग्राहकों को 7.7 फीसदी का सालाना ब्याज दे रही है। यह पोस्ट ऑफिस की प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसका नाम राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (आठवां अंक) (एन. एस. सी.) कहा जाता है। आइए इसके बारे में पात्रता, जमा राशि की सीमा, फीचर्स और टैक्स छूट समेत अन्य बड़ी बातों को जानते हैं। बात करें तो यह पोस्ट ऑफिस की सुरक्षित निवेश मानी जानी वाली एक बचत योजना है। इसपर अभी 7.7 फीसदी का गारंटीड ब्याज मिल रहा है। इसमें कम से कम 1000 रुपये से निवेश की शुरुआत होती है और अधिकतम निवेश राशि की कोई सीमा नहीं है। योजना का लॉक इन पीरियड 5 वर्षों का है। मतलब कि इसमें जमा राशि को कम से कम 5 वर्षों तक निकाला नहीं जा सकता है। इसके फीचर्स की बात करें तो इसमें जमा राशि और रिटर्न पर कोई टीडीएस नहीं कटता।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

नीलामी केटलॉग सं.: UMB-MIX-52-2026 रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस आकार – 10' X6' वर्ग फीट

क्र. सं.	लॉट नं.	विवरण	नीलामी शुरू होने की तारीख और समय	नीलामी बंद होने की तारीख और समय
1.	Catg-UMB-KART-GMU-214-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर–01, प्लेटफार्म संख्या–01 पर सामान्य श्रेणी के लिए, कीरतपुर साहिब (KART) रेलवे स्टेशन।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 12:30 बजे
2.	Catg-UMB-RPJ-GMU-220-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर–09, प्लेटफार्म संख्या–2/3 पर सामान्य श्रेणी के लिए, राजपुरा (RPJ) रेलवे स्टेशन।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 12:40 बजे
3.	Catg-UMB-GDB-GMU-196-26-1	(कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 2, प्लेटफॉर्म नंबर 2 माइनॉरिटी महिलाएं के लिए गिद्दड़बाहा (GDB) रेलवे स्टेशन पर।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 12:50 बजे
4.	Catg-UMB-DKT-GMU-213-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर–1, प्लेटफार्म संख्या–1 पर सामान्य श्रेणी के लिए, धूलकोट (DKT) रेलवे स्टेशन।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 13:00 बजे
5.	Catg-UMB-KRLI-GMU-223-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर–1, प्लेटफार्म संख्या–1 पर सामान्य श्रेणी के लिए, कुराली (KRLI) रेलवे स्टेशन।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 13:10 बजे
6.	Catg-UMB-KLK-GMU-211-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर–8, प्लेटफार्म संख्या–2/3 पर सामान्य श्रेणी के लिए, कालका (KLK) रेलवे स्टेशन।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 13:20 बजे
7.	Catg-UMB-NBA-GMU-206-26-1	(जनरल माइनर यूनिट– खानपान) (जीएमयू) स्टॉल नंबर–1, प्लेटफार्म नंबर 1 पर जनरल वेटिंग हॉल के अंदर, सामान्य महिला श्रेणी के लिए नाभा (NBA) रेलवे स्टेशन पर।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 13:30 बजे
8.	Catg-UMB-KLK-GMU-222-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर–7, सर्कुलेटिंग एरिया में सामान्य श्रेणी के लिए कालका (KLK) रेलवे स्टेशन।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 13:40 बजे
9.	Catg-UMB-PTA-GMU-221-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर–1, प्लेटफार्म संख्या–1 पर सामान्य महिला श्रेणी के लिए, पटियाला (PTA) रेलवे स्टेशन।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 13:50 बजे
10.	Catg-UMB-DUI-GMU-193-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर–4, प्लेटफार्म संख्या–2/3 पर सामान्य श्रेणी के लिए, धुरी (DUI) रेलवे स्टेशन।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 14:00 बजे
11.	Catg-UMB-SOL-GMU-212-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर–2, सर्कुलेटिंग एरिया में ,सामान्य श्रेणी के लिए सोलन (SOL) रेलवे स्टेशन पर।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 14:10 बजे
12.	Catg-UMB-LHA-GMU-204-26-1	कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 सामान्य महिला श्रेणी के लिए लेहरा गागा (LHA) रेलवे स्टेशन पर।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 14:20 बजे
13.	Catg-UMB-JPS-GMU-197-26-1	कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 1, प्लेटफॉर्म नंबर 1, सामान्य श्रेणी के लिए जमालपुर शेखा (JPS) रेलवे स्टेशन पर।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 14:30 बजे
14.	Catg-UMB-MOT-GMU-205-26-1	कैटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर–2, प्लेटफॉर्म नंबर–2 माइनॉरिटी कैटेगरी के लिए मलोट (MOT) रेलवे स्टेशन पर।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 14:40 बजे
15.	Catg-UMB-SHZ-GMU-200-26-1	जनरल माइनर यूनिट– खानपान) (जीएमयू) स्टॉल नंबर–1, सर्कुलेटिंग एरिया में सामान्य श्रेणी के लिए समर हिल (SHZ) रेलवे स्टेशन पर।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 14:50 बजे
16.	Catg-UMB-BCU-GMU-215-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर–1, प्लेटफार्म संख्या–1 पर सामान्य श्रेणी के लिए, भुच्चू (BCU) रेलवे स्टेशन।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 15:00 बजे
17.	Catg-UMB-MET-SMU-174-26-1	रिफ्रेशमेंट रूम –स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) (Size 47.44 sqm, i.e 8x 5.93 sqm) अन्य पिछड़ा वर्ग महिला श्रेणी के लिए मलेरकोटला (MET) रेलवे स्टेशन।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 15:10 बजे
18.	Catg-UMB-UBC-SMU-189-26-1	खानपान–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) स्टॉल नंबर–4, प्लेटफॉर्म संख्या–2, अल्पसंख्यक महिला श्रेणी के लिए अम्बाला सिटी (UBC) रेलवे स्टेशन पर।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 15:20 बजे
19.	Catg-UMB-RPAR-SMU-184-26-1	खानपान–स्पेशल माइनर यूनिट–खानपान (एसएमयू) स्टॉल नंबर–2, प्लेटफॉर्म संख्या–1, अल्पसंख्यक महिला श्रेणी के लिए रूप नगर (RPAR) रेलवे स्टेशन पर।	12.11.2026 को 12:00 बजे	12.11.2026 को 15:30 बजे
20.	Catg-UMB-KNN-SMU-166-25-1	खानपान–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर–1, प्लेटफार्म संख्या–1 पर अनुसूचित जाति (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध मे शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) खन्ना (KNN) रेलवे स्टेशन पर।	12.11.2026 को 12:00 बजे	12.11.2026 को 15:40 बजे

वाटर वेडिंग मशीन (WVMs)

नीलामी केटलॉग सं.: UMB-Mix-52-2026 रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस आकार-30' वर्ग फीट

क्र. सं.	लॉट नं.	Station	WVM की संख्या	विवरण	नीलामी शुरू होने की तारीख और समय	नीलामी बंद होने की तारीख और समय
1.	MSS-UMB-SIR-WVM-118-26-1	सरहिंद (SIR)	02	➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर UMB सिरे की ओर। ➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर LDH सिरे की ओर।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 15:50 बजे
2.	MSS-UMB-YJUD-WVM-117-26-1	यमुनानगर–जगाधरी (YJUD)	01	➢ 01 WVM, TRD पोल नंबर 211/8 के पास प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 16:00 बजे
3.	MSS-UMB-KNN-WVM-133-26-1	खन्ना (KNN)	02	➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर UMB सिरे की ओर। ➢ 01 WVM प्लेटफार्म नंबर 2 पर LDH सिरे की ओर।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 16:10 बजे
4.	MSS-UMB-UBC-WVM-113-26-1	अम्बाला सिटी (UBC)	02	➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर। ➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर।	30.11.2026 को 12:00 बजे	30.11.2026 को 16:20 बजे
5.	MSS-UMB-DUI-WVM-116-26-1	धुरी (DUI)	02	➢ 01 WVM प्लेटफार्म नंबर 2/3 पर। ➢ 01 WVM प्लेटफार्म नंबर 4/5 पर।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 16:30 बजे
6.	MSS-UMB-PTA-WVM-115-26-1	पटियाला (PTA)	01	➢ 01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर GRP बूथ के पास।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 16:40 बजे

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** को देखें।

4080/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

नोएल टाटा के विरोध के बावजूद होगी टाटा संस की लिस्टिंग, कंपनी ने शुरू की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस ने पब्लिक लिस्टिंग की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक कंपनी की वैल्यूएशन 18 लाख करोड़ रुपये हो सकती है। कंपनी के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन अगली बोर्ड मीटिंग में आईपीओ का प्लान रखने की तैयारी कर रहे हैं। टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने लिस्टिंग के बजाय कंपनी के रिस्ट्रक्चरिंग का प्रस्ताव रखा था। टाटा ट्रस्ट्स की टाटा संस में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक टाटा संस की अगली बैठक के हंगामेदार होने की आशंका है। देश के सबसे बड़े औद्योगिक घरानों में से एक टाटा ग्रुप पर नियंत्रण को लेकर टाटा ट्रस्ट्स और टाटा संस के बीच पिछले कुछ समय से घमासान मचा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि बोर्ड मीटिंग के बाद टाटा संस लिस्टिंग के लिए जरूरी मंजूरियां लेने की प्रक्रिया शुरू करेगी। मार्च से जून 2027 के बीच कंपनी की लिस्टिंग हो सकती है। टाटा संस ने इस मामले पर टिप्पणी नहीं की। आरबीआई ने साफ कर दिया है कि टाटा संस को बिना किसी देरी के लिस्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर देनी चाहिए। सूत्रों का कहना है कि कंपनी केंद्रीय बैंक के निर्देशों के मुताबिक आगे बढ़ना चाहती है और वह रिस्ट्रक्चरिंग के वैकल्पिक प्रस्तावों को स्वीकार नहीं करेगी। कंपनी के पूर्व डायरेक्टर वाईएस मालेगाम ने इस फाइनेंशियल ईयर के लिए टाटा संस की वैल्यू 15 लाख करोड़ रुपये आंकी है। लेकिन जानकारों का कहना है कि मार्केट की स्थिति और निवेशकों की भूख को देखते हुए कंपनी की वैल्यूएशन बढ़कर 18 लाख करोड़ रुपये हो सकती है।

टाटा स्टील के शेयरों में भारी गिरावट, बाजार को पसंद नहीं आई एपीएल अपोलो के साथ डील



नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा स्टील के शेयरों में आज भारी गिरावट आई। शुरुआती कारोबार में कंपनी का शेयर बीएसई पर करीब 8 फीसदी गिरावट के साथ 52 हफ्ते के लो के करीब पहुंच गया। कंपनी ने एपीएल अपोलो ट्यूब्स में 26.38 फीसदी हिस्सेदारी 15,510.6 करोड़ रुपये की डील की घोषणा की है। साथ ही उसने 26 फीसदी होल्डिंग खरीदने के लिए ओपन ऑफर लॉन्च किया है। एपीएल अपोलो ट्यूब्स के शेयरों में भी करीब 18 फीसदी गिरावट आई है।

एग्रीमेंट के तहत टाटा स्टील अपना स्टील ट्यूब्स बिजनेस और टाटा स्टील कलर्स 28,000 करोड़ रुपये में एपीएल अपोलो को बेचेगी। इसमें टाटा स्टील का 1.7 मिलियन टन का स्टील ट्यूब्स बिजनेस और 800000 टन की सरफेस कोटेड कॉइल कैपेसिटी शामिल है। टाटा स्टील एपीएल अपोलो में 2,100 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से प्रमोटर स्टेक खरीदेगी।

शेयरों में गिरावट

हालांकि यह डील बाजार को पसंद नहीं आ रही है। टाटा स्टील का शेयर बीएसई पर पिछले सत्र में 177.75 रुपये पर बंद हुआ था और आज 174.80 रुपये पर खुला। कारोबार के दौरान यह करीब 8 फीसदी गिरावट के साथ 163.75 रुपये तक फिसला। इसका 52 हफ्ते का लो 160 रुपये है। पिछले साल 9 दिसंबर को यह इस स्तर तक फिसला था। टाटा स्टील टाटा ग्रुप की सबसे पुरानी ऑपरेटिंग कंपनी है।

उत्तर रेलवे

"अंबाला मंडल में स्वचालित टिकट वेडिंग मशीनों (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फैसिलिटेटर्स की नियुक्ति के लिए विज्ञापन सूचना"

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तरी रेलवे, अम्बाला, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, आम जनता व Retired Railway Employee से सीलबंद आवेदन आमंत्रित करते हैं, ताकि अम्बाला मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फैसिलिटेटर्स की नियुक्ति की जा सके। यह अनुबंध आवंटन की तिथि से प्रभावी होगा और एक वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेगा, जिसे अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

अंबाला मंडल में ATVM के स्थानों की सूची निम्नानुसार है:–

क्रम सं.	स्टेशन का नाम	स्टेशन कोड	स्थापित ATVM की संख्या	नियुक्त किए जाने वाले फैसिलिटेटर्स की संख्या	स्टेशन श्रेणी	आम जनता के लिए सुरक्षा जमा राशि (रु.)
1	चंडीगढ़	CDG	2	04	NSG-2	50000/-
2	सहारनपुर	SRE	3	06	NSG-3	
3	यमुनानगर जगाधरी	YJUD	1	02	NSG-3	
4	बराड़ा	RAA	1	02	NSG-5	
5	अम्बाला सिटी	UBC	1	02	NSG-5	
6	राजपुरा	RPJ	1	02	NSG-4	
7	सरहिंद	SIR	1	01	NSG-4	
8	खन्ना	KNN	1	01	NSG-5	
9	कालका	KLK	1	03	NSG-3	
10	पटियाला	PTA	1	02	NSG-4	
11	नाभा	NBA	1	02	NSG-5	
12	धूरी	DUI	1	02	NSG-5	
13	बरनाला	BNN	1	02	NSG-5	
14	मलेरकोटला	MET	1	02	NSG-5	25,000/-
15	रूपनगर	RPAR	1	02	NSG-5	
16	आनंदपुर साहिब	ANSB	1	03	NSG-5	
17	नंगल डैम	NLDM	1	02	NSG-5	
18	रामपुरा फूल	PUL	1	02	NSG-5	
19	अबोहर	ABS	1	01	NSG-4	
20	गिद्दड़बाहा	GDB	1	02	NSG-5	
21	मलोट	MOT	1	02	NSG-5	
22	संगरूर	SAG	1	02	NSG-5	
23	सुनाम उधम सिंह वाला	SFMU	1	02	NSG-5	
24	ऊना हिमाचल	UHL	1	02	NSG-4	
25	अम्ब अंदौरा	AADR	1	02	NSG-4	
26	शिमला	SML	1	02	NSG-5	
27	गोविंदगढ़	GVG	1	02	NSG-5	

क्रम सं.	कार्य का विवरण	अनुबंध अवधि	निविदा प्रपत्र की लागत	निविदा जमा करने की तिथि
1	**कार्य की प्रकृतिः** अंबाला मंडल के 27 स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेडिंग मशीनों (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फैसिलिटेटर्स को आवंटन के आधार पर नियुक्त करने के लिए निविदा।	एक वर्ष के लिए मान्य, अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है।	निःशुल्क	14.12.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे तक

महत्वपूर्ण तिथियाँ –

निविदा जारी होने की तिथि	23.11.2026
निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय	14.12.2026 (10:00 बजे से 14:00 बजे तक)
निविदा बॉक्स बंद होने की तिथि एवं समय	14.12.2026 को 15:00 बजे
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	14.12.2026 को 15:30 बजे
कार्यालय का पता एवं निविदा दस्तावेज़ उपलब्धता	आवेदन पत्र (नियम एवं शर्तों सहित) उत्तरी रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है तथा इसे 23.11.2026 को 13:00 बजे से डाउनलोड किया जा सकता है।

सं. **NR-UMBOCOML/1/2025(284713)** दिनांक- **23.11.2026** **4083/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



कौन थे गुरु नानक देव जी? जिन्होंने की थी सिख धर्म की स्थापना

सिख धर्म से जुड़े लोग कार्तिक पूर्णिमा के पर्व का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योंकि इस तिथि पर गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। गुरु नानक देव जी ने सिख धर्म की स्थापना की थी। इसलिए उन्हें सिख धर्म के संस्थापक के रूप में सम्मानित किया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरुद्वारों को सुंदर तरीके से सजाया जाता है और बेहद खास रौनक देखने को मिलती है। इसके अलावा गुरुवाणी का पाठ और लंगरों का आयोजन किया जाता है।

गुरु नानक देव जी समाज के लोगों को सदैव परमपिता से मिलन का मार्ग बताते रहें। उन्होंने ऐसे कई अनमोल वचन दिए हैं, जिनका पालन कर व्यक्ति अपने जीवन को बदल सकता है। गुरु नानक देव जी का जन्म 15 अप्रैल, 1469 में तलवंडी (अब पश्चिम पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता जी का नाम मेहता कालू और माता जी का नाम तृप्ता था। उनके पिता तलवंडी गांव में पटवारी का कार्य किया करते थे। गुरु नानक देव जी ने वर्ष 1487 में शादी की, जिसका नाम सुलखनी था। इनके दो पुत्र श्रीचंद और लखमी चंद थे। उन्होंने कई तीर्थयात्रा की थी। यात्रा के दौरान उन्होंने लोगों को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरुक किया। उन्होंने अपना अंतिम समय पाकिस्तान के करतारपुर में बिताया। वर्ष 1539 में उनकी गुरु नानक जी की मृत्यु हो गई। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि उन्होंने अपनी मृत्यु से पहले ही शिष्य भाई लहना को उत्तराधिकारी बनाया था।

गुरु नानक देव जी की शिक्षा

- गुरु नानक देव जी ने लोगों को सदैव सत्य बोलने और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।
- गुरु नानक देव जी के अनुसार ईश्वर की भक्ति करने वाले जातक को जीवन में कभी भी भय नहीं रहता।
- कभी किसी बुरे कार्य को करने के बारे में न सोचे।
- जीवन में सदैव खुश रहना चाहिए और प्रभु से क्षमा मांगनी चाहिए।
- रोजाना ईश्वर की सच्चे मन से उपासना करनी चाहिए।



धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक आस्था का पर्व कार्तिक पूर्णिमा

कार्तिक पूर्णिमा का पर्व हिंदू धर्म में बेहद पवित्र माना जाता है। इसे कार्तिक मास के आखिरी दिन मनाया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा का पर्व न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होता है। इस दिन दीपदान, गंगा स्नान, व्रत, पूजा-अर्चना और दान का विशेष महत्व है।

कार्तिक पूर्णिमा कब है

कार्तिक पूर्णिमा 2026 मंगलवार, 24 नवंबर को मनाई जाएगी, क्योंकि उदयातिथि के अनुसार पूर्णिमा तिथि इसी दिन सूर्योदय के समय मान्य है। पंचांग के अनुसार पूर्णिमा तिथि 23 नवंबर की रात 11:42 बजे शुरू होकर 24 नवंबर की रात 8:23 बजे समाप्त होगी।

पूर्णिमा तिथि आरंभ: 23 नवंबर 2026, रात 11:42 बजे

पूर्णिमा तिथि समापन: 24 नवंबर 2026, रात 8:23 बजे

स्नान-दान का दिन: 24 नवंबर 2026 (ब्रह्म मुहूर्त में स्नान शुभ माना जाता है)

कार्तिक पूर्णिमा का महत्व

हिंदू धर्म के शास्त्रों में कार्तिक पूर्णिमा को पवित्रतम तिथियों में से एक माना गया है। इस दिन का महत्व विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में विस्तार से बताया गया है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु के रूप में मत्स्य अवतार का जन्म हुआ था, जो सृष्टि के विनाश और पुनर्सृजन की कथा से जुड़ा है। मान्यता है कि इस दिन किए गए पुण्य कर्मों का फल अन्य दिनों की तुलना में अधिक होता है। विशेषकर गंगा नदी में स्नान और दीपदान को अत्यधिक पुण्यकारी माना गया है। भगवान शिव के भक्तों के लिए भी यह दिन खास होता है, क्योंकि इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध किया था, जो संसार के लिए एक बड़ा संकट बना हुआ था। इसलिए, इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में भी मनाया जाता है।

स्नान-दान का महत्व

इस दिन गंगा, यमुना और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। कहते हैं कि इस दिन जो व्यक्ति गंगा स्नान करता है उसके सभी पाप धुल जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसलिए, भारत के विभिन्न हिस्सों में लोग इस दिन गंगा के तट पर एकत्रित होते हैं और स्नान के बाद पूजा-अर्चना करते हैं। दान का महत्व भी इस दिन विशेष माना जाता है। ब्राह्मणों तथा दीन-दुःखी, निर्धन लोगों को अनाज, वस्त्र, धन, और अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। दीपदान, जो इस दिन का एक प्रमुख कार्य है, अंधकार को दूर करने और जीवन में प्रकाश फैलाने का प्रतीक है। इसे करते समय लोग अपने घरों के पास, मंदिरों में और नदियों के किनारे दीप जलाते हैं।

हिन्दू धर्म में का विशेष महत्व दान उल्लेख धार्मिक ग्रंथों में विस्तार से किया गया है। किसी भी त्यौहार या शुभ समय पर पात्र व्यक्तियों को निःस्वार्थ भाव से पूरे मन के साथ श्रद्धापूर्वक दान करें। गरुड़ पुराण में भगवान विष्णु द्वारा दान के महत्व को विस्तार से बताया गया है। दान के महत्व का उल्लेख करते हुए पौराणिक ग्रंथों में कहा गया है-

अल्पमपि क्षितौ क्षिप्तं वटबीजं प्रवर्धते।
जलयोगात् यथा दानात् पुण्यवृक्षोऽपि वर्धते॥

जमीन पर डाला हुआ छोटा सा वटवृक्ष का बीज, जैसे जल के योग से बढ़ता है, वैसे पुण्य रूपी वृक्ष भी दान से बढ़ता है।

करें इन चीजों का दान

कार्तिक पूर्णिमा पर दान का बड़ा महत्व माना जाता है। कहा जाता है कि इस पुण्यकारी अवसर पर अन्न और भोजन का दान सर्वोत्तम है। कार्तिक मास की पूर्णिमा के पुण्यकारी अवसर पर नारायण सेवा संस्थान के दीन-हीन, निर्धन, दिव्यांग बच्चों को भोजन दान करने के प्रकल्प में सहयोग करके पुण्य के भागी बनें।



हिंदू धर्म में देव दीपावली का पर्व विशेष आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसे देवताओं की दीपावली भी कहा जाता है। यह त्योहार कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर वाराणसी के गंगा घाटों को हजारों दीपों से सजाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन देवी-देवता धरती पर आकर गंगा में स्नान करते हैं और दीपोत्सव में शामिल होते हैं। श्रद्धालु भी इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य और दीपदान करते हैं। देव दीपावली का पर्व 24 नवंबर को मनाया जाएगा। यह त्योहार कार्तिक पूर्णिमा के दिन पड़ता है।

देव दीपावली 2026: कब मनाया जाएगा देवताओं का दीपोत्सव? स्नान, दान और दीपदान का महत्व

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव ने इसी दिन त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध करके तीनों लोकों को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। इस विजय की खुशी में देवताओं ने दीप जलाकर उत्सव मनाया था। इसी कारण कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरारी पूर्णिमा और देव दीपावली के नाम से भी जाना जाता है।

देव दीपावली पर गंगा स्नान का महत्व

कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करना विशेष पुण्यदायी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने से आध्यात्मिक शांति और पुण्य की प्राप्ति होती है। जो लोग नदी तक नहीं जा सकते, वे घर पर स्नान के पानी में गंगाजल मिलाकर भी श्रद्धापूर्वक स्नान कर सकते हैं। देव दीपावली पर अन्न, वस्त्र, तिल और जरूरत की अन्य वस्तुओं का दान करने की परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन जरूरतमंद लोगों की सहायता करना शुभ माना जाता है। अपनी क्षमता के अनुसार किया गया दान सेवा और परोपकार की भावना को बढ़ावा देता है।

देव दीपावली पर दीपदान का क्या है महत्व

इस पर्व पर शाम के समय घरों, मंदिरों और नदी के घाटों पर दीपक जलाए जाते हैं। वाराणसी के दशाश्वमेध घाट और अन्य गंगा घाटों पर दीपोत्सव का विशेष आयोजन होता है। श्रद्धालु दीपदान करके सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। इस तरह देव दीपावली आस्था, प्रकाश और धार्मिक परंपराओं का सुंदर संगम है।



गुरु नानक जयंती 2026: कब है प्रकाश पर्व? सही तिथि और महत्व

सिख धर्म के प्रमुख त्योहारों में गुरु नानक जयंती का विशेष स्थान है। इसे प्रकाश पर्व और गुरुपर्व के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने उपदेशों के माध्यम से समाज को प्रेम, समानता, ईमानदारी और मानव सेवा का रास्ता दिखाया। उनकी शिक्षाएं आज भी लोगों को भेदभाव से दूर रहकर मिल-जुलकर रहने की प्रेरणा देती हैं। साल 2026 में गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व 24 नवंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर देशभर के गुरुद्वारों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

गुरु पर्व 2026 कब है

साल 2026 में गुरु नानक देव जी की जयंती 24 नवंबर, मंगलवार को मनाई जाएगी। यह पर्व कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इसी कारण इसे कार्तिक पूर्णिमा के साथ भी जोड़ा जाता है। सिख परंपरा में इस दिन को गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के रूप में मनाते हैं। नानकशाही कैलेंडर के मुताबिक यह तिथि 9 मघ्घर को पड़ती है।

यह पर्व गुरु नानक देव जी के जन्मदिवस के साथ उनकी शिक्षाओं को याद करने का अवसर भी है। उन्होंने जीवन जीने के तीन प्रमुख सिद्धांत बताए:

नाम जपो: हमेशा ईश्वर का स्मरण करें और अच्छे विचार अपनाएं।

किरत करो: मेहनत और ईमानदारी से अपनी आजीविका कमाएं।

वंड छको: अपनी कमाई और भोजन को जरूरतमंदों के साथ बांटें।

गुरु पर्व कैसे मनाया जाता है?

गुरु पर्व की तैयारियां कई दिन पहले शुरू हो जाती हैं। गुरुद्वारों में अखंड पाठ का आयोजन होता है, जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब का लगातार 48 घंटे पाठ किया जाता है। पर्व के दिन नगर कीर्तन निकाला जाता है। इसमें पंज प्यारे सबसे आगे चलते हैं और उनके पीछे श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए शामिल होते हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजते हैं। श्रद्धालु मत्था टेकते हैं और अरदास करते हैं। जगह-जगह लंगर और सेवा के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। शाम को गुरुद्वारों को रोशनी से सजाया जाता है। पूरा वातावरण भक्ति, सेवा और भाईचारे से सराबोर हो जाता है।

गुरु नानक जयंती का महत्व



गुरु नानक जयंती का महत्व सिख धर्म के पहले गुरु माने जाने वाले, गुरु नानक देव जी के जीवन और उनके उपदेशों को स्मरण करना है. गुरु नानक देव जी ने हमेशा समानता, प्रेम, सेवा, और ईमानदारी के सिद्धांतों पर जोर दिया. इस दिन लोग जाति और धर्म से परे, सभी के प्रति भाईचारा और सहिष्णुता की भावना को अपनाने का संकल्प लेते हैं. गुरु नानक देव जी ने नाम जपो, किरत करो, वंड छको का संदेश दिया, यानी ईश्वर का नाम जपें, ईमानदारी से कार्य करें और जरूरतमंदों के साथ बांटकर खाएं. यह पर्व उनके द्वारा स्थापित निस्वार्थ सेवा और मानवता के प्रति प्रेम की भावना को मनाने और अपने जीवन में उतारने का पावन अवसर होता है.



आखिर क्यों होती है कार्तिक पूर्णिमा इतनी खास

कार्तिक मास की पूर्णिमा के दिन को देव दिवाली का पर्व मनाया जाता है। इस दिन नदी में स्नान और दीपदान करने का खासा महत्व रहता है।

साल 2026 में कार्तिक पूर्णिमा 24 नवंबर, मंगलवार को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार, पूर्णिमा तिथि 23 नवंबर की रात 11 बजकर 42 मिनट से शुरू होकर 24 नवंबर की रात 8 बजकर 23 मिनट तक रहेगी। देव दीपावली पर शाम के समय दीपदान का विशेष महत्व है। वाराणसी में दीपदान का शुभ समय शाम 5 बजकर 08 मिनट से 7 बजकर 47 मिनट तक बताया गया है। वहीं, दिल्ली में चंद्रोदय शाम 5 बजकर 01 मिनट पर होगा।

भगवान शिव द्वारा त्रिपुरासुर वध

कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था, जो देवताओं के लिए संकट बन चुका था। त्रिपुरासुर के संहार के बाद देवताओं ने भगवान शिव का धन्यवाद किया और तभी से यह दिन भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना का माना गया है। उसी दिन देवताओं ने शिवलोक यानि काशी में आकर दीपावली मनाई। तभी से ये परंपरा काशी में चली आ रही हैं। माना जाता है कि कार्तिक मास के इस दिन काशी में दीप दान करने से पूर्वजों को मुक्ति मिलती है। इस दिन शिवजी की पूजा करने से सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है और विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है।

मत्स्य अवतार

कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु के रूप में मत्स्य अवतार का जन्म हुआ था, जो सृष्टि के विनाश और पुनर्सृजन की कथा से जुड़ा है। भगवान विष्णु के दस अवतारों में पहला अवतार मत्स्य अवतार माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान विष्णु ने प्रलय काल में वेदों की रक्षा के लिए कार्तिक पूर्णिमा के दिन मत्स्य रूप धारण किया था। मान्यता यह भी है कि कार्तिक मास में नारायण मत्स्य रूप में जल में विराजमान रहते हैं और इस दिन मत्स्य अवतार को त्यागकर वापस बैकुंठ धाम चले जाते हैं।

सिख धर्म में महत्व

कार्तिक पूर्णिमा का सिख धर्म में भी विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था। सिख धर्म में इसे गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा पाठ और लंगर का आयोजन किया जाता है। सिख समुदाय के लोग इस दिन गुरु नानक देव जी के उपदेशों का स्मरण करते हैं और उनके सिद्धांतों का पालन करने का संकल्प लेते हैं।

ब्रह्मा जी का अवतरण

पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन सृष्टिकर्ता भगवान ब्रह्मा का अवतरण पुष्कर के पवित्र सरोवर में हुआ था। इस दिन ब्रह्माजी ने अपनी रचना शक्ति का उपयोग करके जीवों, पृथ्वी और प्रकृति का सृजन किया था, जिससे सृष्टि में जीवन का संचार हुआ। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लाखों की संख्या में तीर्थयात्री ब्रह्मा की नगरी पुष्कर आते हैं। पवित्र पुष्कर सरोवर में स्नान करने के पश्चात ब्रह्मा जी के मंदिर में पूजा-अर्चना कर दीपदान करते हैं और देवों की कृपा पाते है।





भारत न्यूजीलैंड

पहला टेस्ट ड्रॉ

डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की जोड़ी ने टाली हार

वेलिंगटन । भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ हो गया है। टेस्ट के पांचवें दिन न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बेसिन रिजर्व के मैदान पर टीम की हार को टालने में सफल रहे। टेस्ट मैच के पांचवें दिन ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल की जोड़ी ने 258 गेंदों का सामना करते हुए छठे विकेट के लिए 63 रनों की अटूट साझेदारी निभाई और भारत को सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल करने से रोका। मिचेल 186 गेंदों का सामना करते हुए 49 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि फिलिप्स 126 गेंदों का सामना करने के बाद 26 रन बनाकर नाबाद रहे। टेस्ट के पांचवें दिन पहले सेशन में न्यूजीलैंड ने सेट बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (65) का बड़ा विकेट गंवाया। इसके बाद रचिन रविंद्र 129 गेंदों का सामना करने के बाद 37 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद टॉम ब्लंडेल ने डेरिल मिचेल के साथ



मिलकर पांचवें विकेट के लिए 102 गेंदों में 37 रन जोड़े। ब्लंडेल को 15 रनों के स्कोर पर अंशुल कंबोज ने पवेलियन भेजा। हालांकि, इसके बाद मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने मोर्चा संभाला और क्रीज पर खूंटा गाड़कर खड़े हो गए और उन्होंने दूसरे और फिर तीसरे सेशन में न्यूजीलैंड का एक भी विकेट नहीं गिरने दिया। भारतीय गेंदबाज आखिरी दो सेशन में सिर्फ एक विकेट चटका सके।

दूसरी पारी में न्यूजीलैंड ने 120 ओवर तक बल्लेबाजी की और 5 विकेट खोकर 239 रन बनाए। भारत की ओर से दूसरी पारी में गेंदबाजी करते हुए प्रसिद्ध कृष्णा ने सर्वाधिक 2 विकेट चटकाए, जबकि जसप्रीत बुमराह और वॉशिंगटन सुंदर एक-एक विकेट ही हासिल कर सके।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 368 रन बनाए थे। टीम की ओर से हेनरी निकोल्स ने नाबाद 175 और ग्लेन फिलिप्स ने 118 रनों की शानदार पारी खेली। इसके जवाब में भारतीय बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट गंवाकर 720 रन बनाने के बाद अपनी पारी घोषित कर दी।

टीम के प्रदर्शन से गदगद कप्तान बोले- खिलाड़ियों की मेहनत पर गर्व है

भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने टेस्ट के आखिरी दिन शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम की हार को टाला। कीवी कप्तान टॉम लाथम टीम के प्रदर्शन से बेहद खुश नजर आए। पहले टेस्ट का अंत ड्रॉ के रूप में होने के बाद लाथम ने कहा, 'हां, मैं बहुत प्रभावित हूं। पूरे हफ्ते हमारे कुछ खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी उठाई है, खासकर बल्लेबाजी में। मुश्किल हालात में होने के बावजूद, तीसरी पारी में हम जिस स्थिति में पहुंच गए हैं, उसके बाद मैं काफी खुश हूं। मुझे लगता है कि यही एक टीम का असली चरित्र है कि आप हर बार सिर्फ एक या दो खिलाड़ियों पर ही निर्भर नहीं रहते। यह खेल ही कुछ ऐसा है जहां हर दिन आपका नहीं हो सकता। मगर जब भी मौका मिलता है, तो हमारे खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाने के लिए आगे आते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ऐसा ही होता आ रहा है। इस टेस्ट मैच में भी कुछ खिलाड़ियों ने ऐसा ही किया।।' पिच को लेकर बात करते हुए लाथम ने कहा, 'शायद यह उतनी सपाट नहीं थी। यह वैसी बेसिन रिजर्व मैदान की विकेट नहीं थी, जिस पर हम आमतौर पर खेलते आए हैं – खासकर पिछले कुछ वर्षों में। यह सुनने में थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन दुनिया में आप कहीं भी जाएं – चाहे यहां खेलें या विदेश में – सबसे अहम बात होती है कि आप वहां की परिस्थितियों के हिसाब से खुद को कैसे ढालते हैं। मुझे लगता है कि पहली पारी में हमारे खिलाड़ियों ने खासकर हेनरी और ग्लेन फिलिप्स ने बहुत अच्छे से खुद को ढाला।



अगर आप नतीजे चाहते हैं, तो यह कोई बेहतरीन टेस्ट पिच नहीं थी: शुभमन गिल

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट ड्रॉ पर खत्म होने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बेसिन रिजर्व की पिच की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पांच दिनों के दौरान यह पिच और भी सपाट और धीमी होती गई, जिससे किसी नतीजे तक पहुंचना मुमकिन नहीं था। भारत ने मैच के ज्यादातर हिस्से पर अपना दबदबा बनाए रखा, लेकिन वे न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में ऑलआउट नहीं कर सके। न्यूजीलैंड ने आखिरी दिन बल्लेबाजी करते हुए 239/5 का स्कोर बनाया और मैच का अंत ड्रॉ के रूप में हुआ। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिल ने कहा, 'जब हमने टेस्ट मैच खेलना शुरू किया, तो हमें लगा था कि पिच से गेंदबाजों को काफी मदद मिलेगी। मगर तीसरे, चौथे और पांचवें दिन, यह पिच और भी सपाट होती गई। पिच पर कोई दरारें नहीं थीं, और न ही इतने ओवर फेंके जाने या इतने दिन खेले जाने का पिच पर कोई असर दिखा।'



उन्होंने आगे कहा, 'पिच बस धीमी होती गई। इसे देखते हुए मुझे नहीं लगता कि यह कोई अच्छी टेस्ट पिच थी, खासकर तब जब आप मैच का नतीजा चाहते हों। हालांकि, डब्ल्यूटीसी (वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप) की वजह से अब हम नतीजों के बारे में ज्यादा बात करते हैं। पहले ड्रॉ होना काफी आम बात थी, इसलिए लोग ड्रॉ के बारे में इतनी चर्चा नहीं करते थे।'

उन्होंने यह भी कहा कि तेज गेंदबाजों के मुकाबले ऑफ-स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर को थोड़ी ज्यादा मदद मिल रही थी, लेकिन पिच से किसी को भी खास मदद नहीं मिली। गिल ने कहा, 'मुझे लगा कि तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिनरों को पिच से थोड़ी ज्यादा मदद मिल रही थी। अगर आप देखें कि बल्लेबाज कितनी बार बीट हुए, तो ऐसा बहुत कम हुआ। अगर संभावनाओं को देखें, तो स्पिनरों ने बल्लेबाजों को ज्यादा बार छकाया या उनसे गेंद मिस करवाई।'

सिराज को बाहर रखना मेरे लिए भी मुश्किल फैसला था, मैच से पहले उनसे बात की थी

भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेसिन रिजर्व में खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की जुझारू पारियों के दम पर न्यूजीलैंड पहले टेस्ट में हार को टालने में सफल रहा। मैच के बाद भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने मोहम्मद सिराज को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखने का कारण बताया। गिल ने कहा, 'हमने इस मैच के लिए सबसे बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण को मैदान में उतारा। सिराज एक शानदार खिलाड़ी और बेहतरीन गेंदबाज हैं, जिन्होंने भारत के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मगर इन सबसे बढ़कर, वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमने एक साथ अपने करियर की शुरुआत की थी, भारत के लिए खेलने से पहले से ही हम बहुत अच्छे दोस्त रहे हैं। इसलिए उन्हें बाहर रखना मेरे लिए भी एक बहुत मुश्किल फैसला था। हालांकि, कभी-कभी आपको यह देखना पड़ता है कि कौन से गेंदबाज फॉर्म में हैं और कौन सबसे अच्छी गेंदबाजी कर रहा है।' दरअसल, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की मौजूदा चक्र में मोहम्मद सिराज भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। यही वजह है कि जब पहले टेस्ट के लिए उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं दी गई, तो टीम मैनेजमेंट के इस फैसले की जमकर आलोचना हुई। गिल ने वेलिंगटन टेस्ट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिराज को अंतिम ग्यारह में जगह न देने को लेकर सफाई दी। भारतीय कप्तान ने आगे कहा, 'मेरी उनसे (सिराज) बात हुई थी। मैंने मैच से पहले ही उन्हें बता दिया था कि वह इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। मुझे नहीं पता कि वह इससे पूरी तरह सहमत थे या नहीं, लेकिन उन्होंने बात को समझा और इसके पीछे का तर्क भी समझ गए।



WTC प्वाइंट्स टेबल

पहला टेस्ट ड्रॉ होने से न्यूजीलैंड का भारी नुकसान, भारत की राह भी हुई मुश्किल

नई दिल्ली । भारत और न्यूजीलैंड के वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। हालांकि, पहला टेस्ट ड्रॉ होने से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की प्वाइंट्स टेबल में न्यूजीलैंड को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। वेलिंगटन टेस्ट ड्रॉ होने के बाद न्यूजीलैंड डब्ल्यूटीसी की प्वाइंट्स टेबल में अपना दूसरा स्थान गंवा बैठी है। न्यूजीलैंड को एक पायदान का नुकसान झेलना पड़ा है और वह अब तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। इस ड्रॉ से ऑस्ट्रेलिया को जरूर फायदा पहुंचा है और वह एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे नंबर पर आ गई है। न्यूजीलैंड का जीत प्रतिशत अब 66.67 हो गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत 69.23 है। साउथ अफ्रीका टेबल में पहले स्थान पर बरकरार है और टीम का जीत प्रतिशत 75 है। भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर बनी हुई है। हालांकि, पहला टेस्ट ड्रॉ होने के बाद टीम का जीत प्रतिशत अब 50 रह गया है। बांग्लादेश 40.74 के जीत प्रतिशत के साथ पांचवें नंबर पर काबिज है। भारतीय टीम के डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने की राह इस ड्रॉ के साथ मुश्किल हो गई है। अब टीम इंडिया को कुल 6 टेस्ट मैच खेलने हैं, जिनमें से एक न्यूजीलैंड और पांच मुकाबले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जाने हैं। भारत को फाइनल की रेस में बने रहने के लिए अब अपने बचे हुए सभी मुकाबले जीतना जरूरी हो गया है। न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन टेस्ट के पांचवें दिन बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपनी हार को टाला। डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की जोड़ी ने 43 ओवर बल्लेबाजी की और आखिरी सेशन में न्यूजीलैंड को कोई भी झटका नहीं लगने दिया। न्यूजीलैंड ने टेस्ट के आखिरी दो सेशन में सिर्फ एक विकेट गंवाया।

मेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स: अंत तक लड़े 'शतकवीर' तिलक वर्मा

मगर पाक-ए के खिलाफ नहीं दिला सके जीत



दोहा। पाकिस्तान-ए ने भारत-ए के खिलाफ रविवार को एसीसी मेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के मुकाबले में 48 रन से जीत हासिल की। वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में तिलक वर्मा ने शतकीय पारी के साथ अपना दमखम दिखाया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने 'ग्रुप-बी' की प्वाइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल कर लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तान-ए 49.2 ओवरों में 313 रन पर सिमट गई। शामल हुसैन ने माज सदाकत के साथ पहले विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। हुसैन 23 गेंदों में 2 छक्कों और 4 चौकों के साथ 33 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम ने 67 के स्कोर पर रोहेल नजीर (0) का विकेट भी गंवा दिया। यहां से हसन नवाज (79) ने मोर्चा संभाला। उन्होंने माज सदाकत (59) के साथ तीसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की, जबकि कप्तान अब्दुल समद (28) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जुटाए। इसके अलावा, फरहान यूसुफ के साथ पांचवें विकेट के लिए 44 रन टीम के खाते में जोड़े। पाकिस्तान ने 230 के स्कोर पर अपना पांचवां विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद फरहान यूसुफ ने छोटी-छोटी साझेदारी करते हुए टीम को 300 के पार पहुंचाया। यूसुफ 48 गेंदों में 2 छक्कों और 4 चौकों के साथ 56 रन बनाकर आउट हुए।

भारतीय खेमे से हर्षित राणा, प्रिंस यादव, सूर्यांश शेडगे और विपराज निगम ने 2-2 विकेट चटकाए, जबकि आयुष बडोनी को 1 विकेट हाथ लगा। इसके जवाब में भारतीय टीम 49.1 ओवरों में 265 रन पर सिमट गई। सलामी जोड़ी के रूप में वैभव सूर्यवंशी ने अभिषेक के साथ पहले विकेट के लिए 25 रन की साझेदारी की।

वैभव 13 गेंदों में 2 चौकों के साथ 11 रन बनाकर आउट हुए। टीम के खाते में एक रन और जुड़ा था कि आयुष बडोनी (0) भी अपना विकेट गंवा बैठे।

यहां से कप्तान तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला।



उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़कर टीम को 93 के स्कोर तक पहुंचाया। अभिषेक 42 गेंदों में 6 छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से 70 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम ने तेजी से विकेट गंवाए। आलम ये रहा कि 25.3 ओवरों के खेल तक भारत ने 129 के स्कोर पर अपना छठा विकेट भी खो दिया। इसके बाद तिलक ने शाहबाज अहमद के साथ सातवें विकेट के लिए 108 गेंदों में 112 रन की साझेदारी करते हुए भारत की आस को फिर से जगा दिया था।

पाकिस्तान से हारने के बाद कैसे सेमीफाइनल में पहुंचेगा भारत-ए, यूएई के खिलाफ होगी जीत जरूरी

नई दिल्ली । भारत-ए को एसीसी मेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 में रविवार को पाकिस्तान-ए के खिलाफ 48 रनों से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान से मिले 314 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 265 रन बनाकर ऑलआउट हुई। आइए आपको बताते हैं कि तिलक वर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम पाकिस्तान से हारने के बावजूद कैसे सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। दरअसल, भारत-ए ने अब तक टूर्नामेंट में कुल 2 मैच खेले हैं। नेपाल के खिलाफ भारतीय टीम ने 306 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। भारत-ए को अपना ग्रुप स्टेज का आखिरी और तीसरा मैच 24 नवंबर को यूएई के खिलाफ खेलना है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए टीम को इस मैच में जीत दर्ज करनी होगी। भारत-ए के लिए अच्छी चीज यह है कि टीम का नेट रन रेट काफी अच्छा है और ग्रुप बी में टीम दूसरे स्थान पर मौजूद है। यानी यूएई के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम आसानी से अंतिम चार में जगह पक्की कर लेगी। पाकिस्तान लगातार दो मैच जीतकर इस ग्रुप से पहले ही सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर चुकी है।

'नो हैंडशेक' के पीछे बड़े मुद्दे हैं, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं

शारजाह । मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने माना है कि जब राजनीति शामिल हो, तो खिलाड़ियों को हैंडशेक (हाथ मिलाने) से बचने से रोकना उनके बस में नहीं है, भले ही वे 'स्पिरिट ऑफ क्रिकेट' (खेल की भावना) को बचाए रखना चाहते हों। क्रिकेट में हैंडशेक न करने का मुद्दा मुख्य रूप से भारत-पाकिस्तान मैचों से जुड़ा है। अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद से टॉस के समय या मैच के बाद पारंपरिक रूप से हाथ मिलाने की प्रक्रिया को छोड़ देना एक आम बात हो गई है। हालांकि हैंडशेक खेल भावना का एक पारंपरिक प्रतीक है, लेकिन आईसीसी के नियमों के अनुसार यह अनिवार्य नहीं है। भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच हैंडशेक न करने के मामले पुरुषों, महिलाओं और विभिन्न आयु वर्गों के मैचों में देखी गई हैं। इसमें रविवार को दोहा में भारत-ए और पाकिस्तान-ए के बीच खेला गया एसीसी मेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स मैच भी शामिल है। जब एमसीसी के हेड ऑफ क्रिकेट फ्रेजर स्टीवर्ट से पूछा गया कि क्या खिलाड़ियों के हाथ मिलाने से इनकार करने पर खेल भावना को बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा है, तो उन्होंने जवाब दिया कि बड़े राजनीतिक मुद्दे कहीं अधिक अहम होते हैं और वे उनके नियंत्रण से बाहर हैं। शारजाह में आईएलटी20 के दौरान स्टीवर्ट ने कहा, 'मुझे लगता है कि कुछ ऐसी स्थितियां होती हैं जो क्रिकेट से परे होती हैं। ये ऐसे स्तर से आती हैं, जहां भू-राजनीतिक मुद्दों पर बात करना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है।' उन्होंने बताया कि एमसीसी तो यही चाहेगा कि खिलाड़ी आपस में हाथ मिलाएं, लेकिन उसका अधिकार क्षेत्र केवल खेल के दौरान खिलाड़ियों के व्यवहार तक ही सीमित है। उन्होंने आगे कहा, 'हम केवल मैदान पर होने वाली चीजों को नियंत्रित कर सकते हैं, जैसे खिलाड़ी एक-दूसरे का सम्मान करें, अंपायरों और उनके फैसलों का सम्मान करें, और खेल का सम्मान करें। बस इतना ही हमारे नियंत्रण में है।' स्टीवर्ट ने आगे कहा कि अगर नेताओं या उच्च स्तर से खिलाड़ियों को हाथ न मिलाने का आदेश दिया जाता है, तो एमसीसी इसमें दखल देकर उसे बदल नहीं सकता। उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, 'अगर ऊपर से हैंडशेक न करने के आदेश आते हैं, तो एमसीसी उसे नियंत्रित नहीं कर सकता। हम तो यही चाहेंगे कि खिलाड़ी हाथ मिलाएं, लेकिन हम समझते हैं कि इसके पीछे बड़े मुद्दे हैं, जो हमारे नियंत्रण से पूरी तरह बाहर हैं।'

उत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-14/2026-27 दिनांक 23.11.2026

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

क्र सं.: 1 निविदा संख्या :	30विद्युत-16/2026-27 (ओपन टेंडर)
कार्य का नाम :	अंबाला मंडल के अंतर्गत रिले रूमों में एयर कंडीशनर उपलब्ध कराना, साथ ही वारंटी खत्म होने के बाद 5 वर्षों के लिए एएमसी (AMC) की व्यवस्था करने से संबंधित विद्युत कार्य।
लगभग लागत (रु.) :	रु. 74,11,904.57
बोली प्रतिभूति (रु.) :	रु. 1,48,200.00
पूर्ण होने की अवधि :	62 महीने
बंद करने और खोलने की तिथि :	15.12.2026

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **4081/26**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल द्वारा आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल /एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक के एस.एल.आर./एस.एल.आर.डी. डिब्बों में पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं।, निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

क्र.	नीलामी केटलाग सं.	नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय	नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय
1.	UMB-SLR-14-2026 (16 लॉट)	01.12.2026 /12:00	01.12.2026 /15:00
क्र.	**ट्रेन सं.**	**से–तक**	**कम्पार्टमेंट**
1	20494	CDG-MDU	FSLR-1
2	19412	DLPC-GNC	FSLR-1
3	14733	BTI-JP	FSLR-1
4	19308	UHL-INDB	FSLR-I
5	14503	KLK-SVDK	FSLR-1
6	14332	KLK-DLI	FSLR-1
7	22456	KLK-SNSI	FSLR-2
8	14522	UMB-DLI	FSLR-I
9	14722	ABS-JU	FSLR-1
10	12326	AADR-KOAA	RSLR-1
11	14524	UMB-BJU	FSLR-2
12	14218	CDG-PYGS	RSLR-I
13	12232	CDG-LKO	FSLR-1
14	22710	AADR-NED	FSLR-I
15	15012	CDG-LJN	FSLR-1
16	20990	CDG-UDZ	FSLR-I

ई–नीलामी में भाग लेने या ई– नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ एस
उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी

4079/26 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

न्यूज डायरी

आईटीआई कालका में दीक्षांत समारोह आयोजित, नगर परिषद के अध्यक्ष श्री कृष्ण लाल लांबा ने विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित



हिन्द जनपथ

पंचकूला (ब्यूरो)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कालका में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नगर परिषद कालका के अध्यक्ष श्री कृष्ण लाल लांबा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर श्री कृष्ण लाल लांबा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें नशे से दूर रहने तथा जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों को खाली नहीं बैठना चाहिए बल्कि अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार प्राप्त करना चाहिए या स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहिए। उन्होंने स्वरोजगार अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। इससे वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे बल्कि अपने लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करवा सकेंगे। इस प्रकार वे समाज और देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे पाएंगे।

समारोह में लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न ट्रेडों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यातिथि द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल विकास, स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता एवं नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित करना रहा।

उपायुक्त ने सेक्टर-5 में सीवरेज की मरम्मत व पार्किंग की साफ सफाई जल्द से जल्द करने के नगर निगम के संबंधित अधिकारी को दिए निर्देश



हिन्द जनपथ

पंचकूला (ब्यूरो)। उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने समाधान शिविर में आज सेक्टर-5 बत्तरा डाईग्नोज सेंटर के बाहर सीवरेज लिकेज मामले व पार्किंग की साफ सफाई की शिकायत पर लिया संज्ञान, नगर निगम के संबंधित अधिकारी को जल्द से जल्द मौका मुआयना कर सीवरेज ठीक करवाने व पार्किंग की साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिलावासियों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने जिलावासियों की 2 समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को बिना विलंब किए समाधान करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने ग्रामीणों की मील चैक से खेड़ावाली तक नाले की सफाई की मांग को लेकर बीडीपीओ पिंजौर को मौका मुआयना करने व जल्द से जल्द नाले की सफाई करवाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविर से जुड़ते है व जिला प्रशासन द्वारा समाधान किए गए लोगों के कार्यों की मॉनिटरिंग करते है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए बिना विलंब व प्राथमिकता के आधार पर जिलावासियों की समस्याओं का समाधान करें। कोताही की कोई गुंजाइश नहीं है।

एनआईए ने समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



हिन्द जनपथ

पंचकूला (ब्यूरो)। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), पंचकूला की ओर से समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सकेतड़ी में छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में संस्थान के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) संजीव शर्मा तथा डीन प्रोफेसर गुलाब चंद पमनानी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरावस्था में शारीरिक और मानसिक बदलावों में संतुलित पोषण के प्रति अवगत करना है। स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा हसन जी. ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले प्राकृतिक शारीरिक एवं मानसिक बदलावों, मासिक धर्म की सामान्य प्रक्रिया, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा इस दौरान उचित पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही, मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों एवं सामाजिक झिझक को दूर करने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम को सहभागितापूर्ण बनाया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं एवं प्रश्न खुलकर रखे। डॉ. पूजा हसन ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस पहल के माध्यम से छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पौष्टिक आहार लेने, व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने और आत्मविश्वास के साथ किशोरावस्था के बदलावों का सामना करने के लिए प्रेरित किया गया।

रेवाड़ी में बनेगा 300 बिस्तर का नागरिक अस्पताल : आरती सिंह राव

हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचा को दिन प्रतिदिन मजबूत किया जा रहा है , इसी कड़ी में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सिविल अस्पताल रेवाड़ी के परिसर में 300 बिस्तर का नागरिक अस्पताल बनाने की स्वीकृति दे दी है, इसके भवन के निर्माण पर लगभग 34828.77 लाख रुपए की लागत आने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि रेवाड़ी और आसपास के जिलों में द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते दबाव को देखते हुए वर्तमान सिविल अस्पताल के बुनियादी ढांचे को एक आधुनिक, व्यापक और उच्च-क्षमता वाले अस्पताल परिसर में अपग्रेड करने की आवश्यकता थी। इसी उद्देश्य से प्रस्तावित 300 बिस्तरों वाले इस नए अस्पताल ब्लॉक को 2 बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर तथा ऊपर 6 मंजिल भवन फ्रेम्ड आरसीसी संरचना के रूप में तैयार किया जाएगा। यह नया भवन भारतीय जन स्वास्थ्य मानकों (IPHS) के अनुरूप होगा, जिसमें अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक, क्लिनिकल, क्रिटिकल केयर और सर्जिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।

पंचायतों और नगर निकायों के अधिकारों के हस्तांतरण, वित्तीय स्थिरता व प्रभावी सेवा वितरण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया शुभारंभ



हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत-2047 की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब देश का हर गांव और शहर का हर वार्ड आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनेगा। पंचायतों और नगर निकायों को केवल सरकारी बजट पर निर्भर रहने के बजाय अपनी आय के नए स्रोत विकसित करने होंगे। इसके लिए स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग, वित्तीय प्रबंधन और जनभागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्थानीय सरकारों को अधिकार, क्षमता और अपने वित्तीय संसाधनों के आधार पर आत्मनिर्भर बनाना ही इस राष्ट्रीय सम्मेलन का मूल उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सोमवार को गुरुग्राम के सेक्टर-51 स्थित गुरुग्राम विश्वविद्यालय में स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एसजेएचआईएफएम) की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। पंचायतों एवं नगर निकायों को अधिकारों का हस्तांतरण, वित्तीय स्थिरता तथा प्रभावी सेवा वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजित इस सम्मेलन में केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन तथा शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार तथा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल,स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एसजेएचआईएफएम) महानिदेशक डॉ राज नेहरू भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के 73वें और 74वें संशोधन के माध्यम से पंचायतों एवं नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा दिया गया था, लेकिन अब इन्हें वास्तविक रूप से सशक्त स्थानीय सरकार के रूप में विकसित करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्तमान आवश्यकताओं से जोड़ने का काम किया है। गांव विकास की अंतिम कड़ी नहीं, बल्कि विकास का केंद्र है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा की प्राथमिकताएं ही पंचायतों की कार्ययोजना का आधार बननी चाहिए। सरपंच और पार्षद लोकतंत्र की जमीनी ताकत हैं, क्योंकि वे सीधे जनता से जुड़े होते हैं और लोगों की समस्याओं को सबसे पहले समझते हैं।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा में वर्ष 2014 से पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2015 में पढ़ी-लिखी पंचायतों की व्यवस्था लागू की गई और वर्ष 2020 में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। इसी प्रकार लाल डोरा मुक्त अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों का मालिकाना हक दिलाया गया, जिसे बाद में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के रूप में पूरे देश में लागू किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में किए गए सुधारों का उद्देश्य पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना और ग्रामीणों को उनके अधिकारों से जोड़ना रहा है।

स्थानीय निकाय और पंचायतें जितनी मजबूत होंगी, जनता की अपेक्षाएं उतनी ही बेहतर ढंग से पूरी होंगी : केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल



जगदीश, हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन तथा शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि स्थानीय निकाय और पंचायतें जितनी मजबूत होंगी, जनता की अपेक्षाएं उतनी ही बेहतर ढंग से पूरी होंगी। गांव में सरपंच और शहर में पार्षद, मेयर एवं चेयरमैन सीधे जनता से जुड़े होते हैं और लोगों की छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान करने की जिम्मेदारी उन्हीं की होती है। ऐसे में स्थानीय संस्थाओं को पर्याप्त वित्तीय संसाधन, अधिकार और कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंचायतों और नगर निकायों को सरकारी अनुदान पर निर्भर रहने के साथ साथ अपनी आय के स्रोत भी विकसित करने चाहिए।

श्री मनोहर लाल सोमवार को गुरुग्राम के सेक्टर-51 स्थित गुरुग्राम विश्वविद्यालय में स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान की ओर से पंचायतों एवं नगर निकायों को अधिकारों का हस्तांतरण, वित्तीय स्थिरता तथा प्रभावी सेवा वितरण विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल तथा स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एसजेएचआईएफएम) महानिदेशक डॉ. राज नेहरू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पंचायतों की जमीन और संपत्तियों का बेहतर उपयोग कर बढ़ाएं आय

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पंचायतों के पास उपलब्ध जमीन, भवन और तालाब आय के महत्वपूर्ण स्रोत बन सकते हैं। पंचायत की जमीन को पारदर्शी तरीके से उचित दरों पर ठेके पर देने, तालाबों में मछली पालन, किराये के भवन और मार्केट विकसित करने से नियमित आमदनी हो सकती है।

कचरे की तारों से कैनवास पर उकेर रहे कला के अनूठे रंग, बेकार सामग्री को दे रहे रचनात्मक पहचान

हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। कला की कोई सीमा नहीं होती और न ही उसके सृजन के लिए पारंपरिक साधनों की अनिवार्यता है। जरूरत होती है तो बस एक रचनात्मक दृष्टि की, जो बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं में भी खूबसूरती तलाश ले।

फरीदाबाद के कलाकार उदित नारायण बैसला इसी सोच को अपनी कला के माध्यम से साकार कर रहे हैं। वे पुरानी तारों, प्लास्टिक और अन्य अनुपयोगी सामग्री से ऐसी कलाकृतियां तैयार करते हैं, जो देखने वालों को आश्चर्यचकित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती हैं। इन दिनों नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के हरियाणा पवेलियन में उनकी कलाकृतियां आगंतुकों के विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

उदित नारायण बैसला की इस अनूठी कला की शुरुआत एक सामान्य-सी घटना से हुई। एक दिन उन्होंने प्लास्टिक की तार को जलते हुए देखा। आग की लपटों में तार के बदलते आकार ने उनके मन में रचनात्मक विचार को जन्म दिया। उन्होंने सोचा कि यदि इस तार को अपनी कल्पनाशीलता से आकार दिया जाए, तो इससे आकर्षक कलाकृति बनाई जा सकती है। इसी सोच के तहत उन्होंने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चश्मे की आकृति तैयार की। इस प्रयोग को मिली सराहना ने उनके आत्मविश्वास को नई उड़ान दी और उन्होंने अनुपयोगी सामग्री को कला का माध्यम बनाने को ही अपनी पहचान बना लिया।

उनकी कला की विशिष्टता यह है कि इसमें न रंगों की जरूरत पड़ती है और न ही ब्रश की। पुरानी तारों को मोड़कर, जोड़कर और प्लास्टिक के विभिन्न टुकड़ों को कलात्मक ढंग से संयोजित कर वे महापुरुषों के चित्र, चेहरे के भाव और विभिन्न दृश्य उकेरते हैं। उनकी कलाकृतियों में तारों की बनावट, आकृतियों की बारीकी और सामग्री का अनूठा संयोजन देखते ही बनता है। प्रत्येक रचना को तैयार करने में धैर्य, एकाग्रता और विशेष कौशल की आवश्यकता होती है। यही वजह है कि उनकी हर कलाकृति अपनी अलग पहचान रखती है। उदित नारायण बैसला की रचनात्मकता केवल कलात्मक अभिव्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से वे समाज को पुनः उपयोग और कचरा प्रबंधन का महत्वपूर्ण संदेश भी दे रहे हैं। उनका मानना है कि जिसे हम अनुपयोगी समझकर फेंक देते हैं, उसका भी रचनात्मक इस्तेमाल किया जा सकता है।

हैफेड के उत्पादों से प्रमोट होगा मेक इन हरियाणा: वीरेंद्र शर्मा

हिन्द जनपथ

पंचकूला (ब्यूरो)। हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में नियुक्त किए गए हैफेड के चेयरमैन एडवोकेट श्री वीरेंद्र शर्मा ने कहा है कि हैफेड के उत्पादों की संख्या को बढ़ाने तथा उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध करवाने पर उनका फोकस रहेगा।

एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा ने सोमवार को पंचकूला स्थित हैफेड मुख्यालय में कार्यभार संभाला। पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कुलदीप बिश्नोई तथा विधायक श्री रणधीर पणिहार ने वीरेंद्र शर्मा को पदभार ग्रहण करवाया।

इस अवसर पर श्री वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि हैफेड के उत्पादों की मांग तथा मार्केट बहुत विशाल है। हैफेड के माध्यम से मेक इन हरियाणा को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ऊंचे मुकाम तक पहुंचाया जाएगा। श्री वीरेंद्र शर्मा ने भाजपा



के केंद्रीय नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हैफेड के मौजूदा उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल करने के बाद इनके विस्तार की योजना बनाई जाएगी। जिसे मुख्यमंत्री से मुलाकात करके अमली रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व सांसद श्री कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही अपने कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया है। इस अवसर पर हरियाणा स्टेट करोटे एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ.नरेश मग्गू, पिहोवा से भाजपा नेता जयभगवान शर्मा, सूचना आयुक्त अमरजीत सिंह, युवा भाजपा नेता अनिल पंवार, आनंद शर्मा, अमित भड़ाना, पूर्व चेयरमैन नरेश जांगड़ा के अलावा ओम शून्य मां पंचकूला समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

वेव्स फिल्म बाजार के तीसरे दिन भी हरियाणा पवेलियन में फिल्म जगत की हस्तियों और विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों का पहुंचना जारी

चंडीगढ़- गोवा में आयोजित 57वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (IFFI) के अंतर्गत वेव्स फिल्म बाजार में हरियाणा की सहभागिता लगातार आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। फिल्म बाजार के तीसरे दिन भी हरियाणा पवेलियन में फिल्म जगत की हस्तियों और विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों का आगमन जारी रहा। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल सरकार के सूचना एवं संस्कृति विभाग की राज्य मंत्री श्रीमती पूर्णिमा चक्रवर्ती ने हरियाणा पवेलियन का दौरा किया। उन्होंने हरियाणा सरकार की फिल्म नीति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और राज्य में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने हरियाणा में फिल्म शूटिंग की संभावनाओं, उपलब्ध सुविधाओं तथा फिल्म उद्योग के विकास की दिशा में उठाए गए कदमों में भी विशेष रुचि दिखाई। इसके अलावा, दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (SUPVA), रोहतक के कुलपति डॉ. अमित आर्य भी हरियाणा पवेलियन पहुंचे। इस दौरान फिल्म एवं दृश्य कला के क्षेत्र में हरियाणा की संभावनाओं तथा राज्य में फिल्म निर्माण और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित करने, राज्य की सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा फिल्म निर्माताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से फिल्म नीति के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

छत्तीस बिरादरी का आपसी प्रेम, सम्मान और भाईचारा ही संत गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का वास्तविक संदेश : सुनील सतपाल

चरखी दादरी- भाजपा विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी ने सदियों पहले जिस समतामूलक और प्रेमपूर्ण समाज की कल्पना की थी, उसकी आवश्यकता आज भी उतनी ही है। संत गुरु रविदास जी का संदेश केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, आपसी दूरियां समाप्त करने और प्रत्येक मनुष्य को समान सम्मान देने की प्रेरणा देता है। हरियाणा की छत्तीस बिरादरी जब आपसी प्रेम, विश्वास और भाईचारे के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ेगी, तभी संत गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाओं का वास्तविक उद्देश्य सार्थक होगा।

विधायक सुनील सतपाल सांगवान



सोमवार को चरखी दादरी स्थित अपने कार्यालय में संत गुरु रविदास महाराज जी के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समरसता संकल्प यात्रा के संदर्भ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील इंजीनियर और भाजपा जिला अध्यक्ष राष्ट्रदीप परमार सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सुनील सतपाल सांगवान ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज जी ने समाज को सिखाया कि मनुष्य की पहचान उसकी जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति से नहीं, बल्कि उसके विचारों, कर्मों और आचरण से होनी चाहिए। उन्होंने ऐसे समाज का स्वप्न देखा था, जहां ऊंच-नीच का कोई स्थान न हो, किसी के साथ भेदभाव न किया जाए और प्रत्येक व्यक्ति आत्मसम्मान के साथ जीवन जी सके। उनकी वाणी मानवता, करुणा, सदाचार और परस्पर सहयोग का ऐसा मार्ग दिखाती है, जिस पर चलकर सामाजिक दूरियों को समाप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की पहचान हमेशा से छत्तीस बिरादरी के साझा संस्कारों, परंपराओं और भाईचारे से रही है।

जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का 'यूरोपियन एकेडमिक आउटरीच-2026' अभियान जर्मनी में संपन्न

चंडीगढ़- अपने 'यूरोपियन एकेडमिक आउटरीच – 2026' अभियान को संपन्न करते हुए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी स्थित आरडब्ल्यूटीएच आखेन यूनिवर्सिटी का दौरा किया।

विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल जिसमें कुलसचिव प्रो. अजय रँगा और प्रो. संजीव गोयल शामिल रहें, ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 'ड्यूल डिग्री' कार्यक्रम शुरू करने और आठवें सेमेस्टर की शोध इंटर्नशिप पर केंद्रित सार्थक चर्चा की।

यह विचार-विमर्श आरडब्ल्यूटीएच आखेन के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत 'इंस्टीट्यूट ऑफ जनरल मैकेनिक्स' में आयोजित किया गया। डॉ. एस. स्वयंज्योति और संस्थान की शैक्षणिक टीम ने प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों पक्षों ने सकारात्मक संवाद किया और सहयोग के आगामी चरणों में इंस्टीट्यूट ऑफ जनरल मैकेनिक्स के निदेशक प्रो. बर्नड मार्कर्ट को सक्रिय रूप से शामिल करने पर सहमति जताई।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में 104वें स्थान पर काबिज आरडब्ल्यूटीएच आखेन यूनिवर्सिटी जर्मनी का सबसे बड़ा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय है और इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी तथा उद्योग-आधारित अनुसंधान के क्षेत्र में यूरोप के सर्वाधिक प्रतिष्ठित संस्थानों में गिना जाता है। आखेन के इस दौरे के साथ विश्वविद्यालय का बहु-देशीय 'यूरोपियन एकेडमिक आउटरीच – 2026' अभियान संपन्न हो गया, जिसके तहत इससे पहले राइनिशे होखशुले कोलोन (जर्मनी), टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ क्लुज-नेपोका (रोमानिया) और स्च्वेचेनी इस्तवान यूनिवर्सिटी, ग्योर (हंगरी) के साथ रणनीतिक शैक्षणिक संवाद हुए।

इस संवाद के केंद्र में शैक्षणिक सहयोग के तीन प्रमुख बिंदु रहे, जिन पर सैद्धांतिक सहमति बनी। दोनों संस्थानों ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में ड्यूल डिग्री कार्यक्रम शुरू करने की संभावनाओं पर विचार किया और आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियों के लिए इन प्रस्तावों को आरडब्ल्यूटीएच आखेन यूनिवर्सिटी के रेक्टर कार्यालय तथा जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारियों के समक्ष आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। इसके साथ ही, दोनों संस्थानों ने आरडब्ल्यूटीएच आखेन में आठवें सेमेस्टर की इंटर्नशिप पर भी चर्चा की, जिससे जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को विश्व-स्तरीय जर्मन अनुसंधान और शिक्षण परिवेश का सीधा अनुभव प्राप्त हो सकेगा।

इग्नू की दिसंबर परीक्षाएं 25 नवंबर से, हरियाणा में 1.69 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

चंडीगढ़- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की दिसंबर 2026 टर्म-एंड परीक्षाएं 25 नवंबर 2026 से प्रारंभ होकर 14 जनवरी 2027 तक आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं में हरियाणा से कुल 1,69,046 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए प्रदेश भर में कुल 30 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 11 परीक्षा केंद्र विभिन्न जेलों में बनाए गए हैं। इन जेल परीक्षा केंद्रों पर कुल 1,492 बंदी परीक्षार्थी भी परीक्षा देंगे।

यह जानकारी इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. धर्म पाल ने दी। उन्होंने बताया कि भिवानी, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, सिरसा, सोनीपत, पानीपत एवं रोहतक जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिला करनाल में तीन परीक्षा केंद्र जिला जेल करनाल, बुद्धा कॉलेज तथा विनायक पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि परीक्षाएं प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित होंगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। डॉ. धर्म पाल ने आगे बताया कि परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों एवं व्यवस्थाओं से परीक्षा केंद्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत करवाने के लिए इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों के परीक्षा नियंत्रकों के लिए एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

25 नवंबर को कलानौर में समरसता संकल्प यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत करेगी यमुनानगर की छत्तीस बिरादरी : कंवरपाल गुर्जर

यमुनानगर- हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही समरसता संकल्प यात्रा के स्वागत को लेकर यमुनानगर जिले में विशेष उत्साह का वातावरण है। जिले की छत्तीस बिरादरी के लोग इस ऐतिहासिक अवसर पर एकजुट होकर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का परिचय देने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को सुबह 10 बजे यात्रा हरियाणा की सीमा में प्रवेश करते हुए यमुनानगर जिले के गांव कलानौर पहुंचेगी, जहां विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और सभी वर्गों के नागरिकों



द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर सोमवार को यमुनानगर में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक घनश्यामदास अरोड़ा, भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण खदरी तथा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग भी मौजूद रहे।

कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज जी ने जिस सामाजिक समरसता की नींव रखी थी, उसका वास्तविक स्वरूप हरियाणा की छत्तीस बिरादरी के आपसी रिश्तों में दिखाई देता है। संत रविदास जी ने समाज को समझाया कि मनुष्य की श्रेष्ठता उसकी जाति अथवा जन्म से नहीं, बल्कि उसके सद्गुणों, कर्मों और मानवता के प्रति समर्पण से निर्धारित होती है। उन्होंने उस समय समाज में प्रचलित भेदभाव, अस्पृश्यता और ऊंच-नीच की सोच के विरुद्ध अपनी वाणी से जनचेतना जगाई। आज उनके विचार समाज को जोड़ने और आपसी विश्वास को सुदृढ़ करने की प्रेरणा दे रहे हैं।

छत्तीस बिरादरी का उत्साह बनेगा सामाजिक एकता का उदाहरण

कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि 25 नवंबर को कलानौर में होने वाला स्वागत केवल एक धार्मिक अथवा सामाजिक आयोजन नहीं, बल्कि हरियाणा की साझा संस्कृति और भाईचारे का प्रतीक बनेगा।